www.summerexpress.in

दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:14 बजे
सूर्यास्त शाम 6:00 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-148 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रुपये • सोमवार 2 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

बजट 2026-27
भारत का आम बजट

### स्वास्थ्य, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, हरित इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल, पर्यटन और रोजगार सृजन को दी गई प्राथमिकता

# विकसित भारत की दिशा में सरकार का बजट 2026

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करते हुए इसे 'विकसित भारत' की दिशा में बड़ा कदम बताया। यह उनका लगातार नौवां बजट है, जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, हरित इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल, पर्यटन और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने करीब 85 मिनट के भाषण में अर्थव्यवस्था को गति देने और आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने के लिए कई घोषणाएं कीं, हालांकि आम आदमी के लिए प्रत्यक्ष कर राहत को सीमित बताया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 1,04,599 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें कैंसर की 17 जरूरी दवाओं पर कस्टम ड्यूटी समाप्त करने, मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित करने, 'बायोफार्मा शक्ति योजना' शुरू करने और लाखों स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देने की योजनाएं शामिल हैं। कृषि मंत्रालय को 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं, जिससे छोटे किसानों, मत्स्य पालन और पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। बजट में 'रेयर अर्थ कॉरिडोर', बैंकिंग सुधारों के लिए उच्चस्तरीय समिति, कार्बन कैप्चर तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने जैसे कदम भी रखे गए हैं। खेल उद्योग, 'खेलो इंडिया मिशन', ऑरेंज इकोनॉमी और पर्यटन योजनाओं के जरिए सरकार ने रोजगार और विकास को नई ऊंचाई देने का रोडमैप पेश किया है।


निर्मला सीतारमण बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति भवन से बाहर निकलती हुईं।

## बजट 2026 में क्या हुआ सस्ता


▪ **दवाइयां**: कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की 7 दवाओं को पूरी तरह से सीमा शुल्क मुक्त कर दिया गया है। व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयातित दवाओं पर शुल्क 20% से घटाकर 10% कर दिया गया है।


▪ **मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स**: देश में बने स्मार्टफोन और टैबलेट सस्ते हो सकते हैं क्योंकि कैमरा मॉड्यूल और डिस्प्ले पैनल जैसे कंपोनेंट्स पर शुल्क घटाया गया है। इसके अलावा, माइक्रोवेव ओवन के कुछ हिस्सों पर भी छूट दी गई है।


▪ **इलेक्ट्रिक वाहन**: ईवी बैटरी और लिथियम-आयन बैटरी निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल (जैसे लिथियम, कोबाल्ट) पर सीमा शुल्क कम किया गया है।


▪ **जूते और कपड़े**: चमड़े के जूते और कपड़ों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इनके कच्चे माल के आयात पर शुल्क घटाया गया है, जिससे घरेलू बाजार में भी इनकी कीमतों में राहत मिल सकती है।


▪ **खेल का सामान**: 'खेलो इंडिया' मिशन के तहत खेल उपकरणों को अधिक किफायती बनाया गया है।

▪ **विमान यात्रा (संभावित)**: नागरिक विमानों के पुर्जों और रखरखाव के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है, जिससे लंबी अवधि में विमानन क्षेत्र की लागत कम हो सकती है।



▪ **सोलर और सीएनजी**: सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सोलर सिस्टम पर लगने वाले टैक्स को कम किया है। इसके साथ ही सीएनजी भी सस्ती हो सकती है।

## टैक्स को लेकर बजट 2026 में 5 बड़े बदलाव

▪ **1 अप्रैल से नया इनकम टैक्स कानून लागू**
केंद्र सरकार पुराने इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की जगह नया इनकम टैक्स एक्ट, 2025 लागू करेगी। यह 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। इसमें टैक्स स्लैब या दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, बल्कि टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल-फ्रेंडली बनाया जाएगा। विदेश पैसे भेजने पर टीसीएस में कटौती पढ़ाई और इलाज के लिए विदेश धनराशि भेजने पर लगने वाला टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (TCS) अब 5% से घटाकर 2% कर दिया गया है। इसके अलावा विदेशी टूर पैकेज पर लागू 5% और 20% के TCS रेट को भी घटाकर 2% किया गया है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी।

▪ **TDS से बचने के लिए अब आवेदन जरूरी नहीं**
जिन लोगों पर इनकम टैक्स नहीं बनता है, उनका TDS अपने-आप नहीं काटा जाएगा। इसके लिए अब अलग से फॉर्म 15G या 15H जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे टैक्स प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

▪ **31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की सुविधा**
इनकम टैक्स रिटर्न में सुधार करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब मामूली शुल्क देकर 31 दिसंबर की जगह 31 मार्च तक संशोधित रिटर्न दाखिल की जा सकेगी।



## क्या हुआ महंगा

▪ **तंबाकू उत्पाद और सिगरेट**: बजट में सिगरेट और पान मसाला पर नई एक्साइज ड्यूटी और 'सिन टैक्स' लगाने का प्रस्ताव है, जिससे ये उत्पाद महंगे हो गए हैं।

▪ **विदेशी शराब**: आयातित शराब पर लगने वाले शुल्कों में वृद्धि की गई है।

▪ **आयातित लग्जरी वस्तुएं**: विदेशी परफ्यूम, महंगे जूते, कपड़े और लग्जरी घड़ियों पर आयात शुल्क बढ़ने से ये महंगे हो सकते हैं।

▪ **सोना और चांदी**: कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बदलाव के कारण घरेलू बाजार में इनके दाम बढ़ सकते हैं.

▪ **शेयर बाजार में निवेश**: फ्यूचर्स और ऑप्शंस पर सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स में भारी बढ़ोतरी की गई है, जिससे शेयर बाजार में ट्रेडिंग करना अब और महंगा हो जाएगा।

## केंद्रीय बजट 2026 की 8 बड़ी घोषणाएं

# स्वास्थ्य से स्टार्टअप तक, आयुर्वेद से इलेक्ट्रॉनिक्स तक-पशुपालन, खेल और रोजगार को नई उड़ान

**स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता**
सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 1,04,599 करोड़ तय किए हैं। बजट में किफायती इलाज, आधुनिक अस्पताल, प्रशिक्षित कर्मियों और दूरदराज़ इलाकों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया गया है, जिससे 'विकसित भारत' लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

**पशुपालन और महिला समूहों को बढ़ावा**
पशुपालन क्षेत्र में लोन आधारित सब्सिडी योजनाएं शुरू होंगी। स्टार्टअप्स और महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों को बाजार से जोड़ा जाएगा। पशुधन किसान उत्पादक संगठनों और 'पुशधन' उद्यमों के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा**
इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट निर्माण के लिए बजट बढ़ाकर 40,000 करोड़ किया गया है, जिससे घरेलू उत्पादन और 'मेक इन इंडिया' को बल मिलेगा। स्टील-सीमेंट उद्योग में कार्बन कैप्चर हेतु 20,000 करोड़ प्रस्तावित हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास का संतुलन साधेंगे।

**आयुर्वेद और योग को नई पहचान**
सरकार ने तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना की घोषणा की है। योग और आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के साथ जामनगर स्थित वैश्विक केंद्र को और मजबूत किया जाएगा, जिससे आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्यात बढ़ सके।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 15% बढ़ा**
ऑपरेशन सिंदूर के बाद पेश बजट में रक्षा खर्च 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ किया गया। हथियार खरीद और आधुनिकीकरण पर 2.19 लाख करोड़ तय हुए, जिससे पूंजीगत निवेश में 22 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि दर्ज होगी।

**खेल उद्योग को नई दिशा**
खेल सामग्री के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल की गई है। तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण से आयात निर्भरता घटेगी, रोजगार बढ़ेगा। स्पोर्ट्स साइंस, डेटा एनालिटिक्स, आधुनिक स्टेडियम, हॉस्टल और प्रशिक्षण केंद्र खिलाड़ियों को देश में ही विश्वस्तरीय तैयारी का अवसर देंगे।

**ऑरेंज इकोनॉमी से रोजगार विस्तार**
गेमिंग, एनीमेशन, कॉमिक्स और वीएफएक्स क्षेत्रों में 2030 तक 20 लाख पेशेवरों की जरूरत होगी, जिसके लिए कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित होंगी। साथ ही अगले पांच वर्षों में एक लाख स्वास्थ्य सहायक और डेढ़ लाख केयरगिवर्स प्रशिक्षित किए जाएंगे।

**मेडिकल टूरिज्म के लिए क्षेत्रीय हब**
भारत को वैश्विक हेल्थकेयर डेस्टिनेशन बनाने के लक्ष्य से पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब स्थापित किए जाएंगे। इनमें निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी और आयुष केंद्र, जांच सुविधाएं तथा इलाज के बाद देखभाल से जुड़े केंद्र शामिल होंगे। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## बजट में विकास का रोडमैप, लेकिन अपेक्षाओं और संतुलन की चुनौती

केंद्रीय बजट 2026-27 को सरकार ने विकासोन्मुख, निवेश समर्थक और भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आधार तैयार करने वाला बताया है। अवसंरचना पर भारी खर्च, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, ग्रीन टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई, डेटा सेंटर और खेल व रचनात्मक उद्योगों को बढ़ावा देने जैसी घोषणाएं दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार की दिशा में संकेत देती हैं। स्वास्थ्य, तकनीक, निर्यात और पर्यटन पर जोर से रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास की संभावनाएं भी बनती दिख रही हैं। हालांकि, बजट को लेकर अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक वर्गों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां कुछ राज्यों और नेताओं ने इसे महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए अवसर बढ़ाने वाला बताया, वहीं विपक्ष और किसान संगठनों ने कृषि, न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर राहत और क्षेत्रीय असंतुलन को लेकर सवाल उठाए हैं। खासकर किफायती आवास, किसानों की आय और मध्यमवर्गीय करदाताओं को प्रत्यक्ष राहत जैसे मुद्दों पर अपेक्षाएं पूरी न होने की बातें उठीं। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 को पूंजीगत व्यय और संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित दस्तावेज माना जा सकता है। इसकी असली परीक्षा आने वाले वर्षों में राज्यों तक संसाधनों की पहुंच और आम लोगों के जीवन पर पड़ने वाले वास्तविक प्रभाव से होगी। यदि घोषित योजनाएं जमीन पर प्रभावी ढंग से उतरती हैं, तो यह बजट आर्थिक गति को नई दिशा दे सकता है; वहीं उपेक्षित क्षेत्रों के लिए भविष्य में सुधारात्मक कदम जरूरी रहेंगे, ताकि विकास अधिक संतुलित और समावेशी बन सके।

## सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



1 फरवरी को बजट पेश होने से पहले सरकार ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी कर आम लोगों को महंगाई का झटका दिया है। सरकार ने 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडरों के दाम बढ़ाए हैं, जबकि 14 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरेलू सिलेंडरों के दाम अभी भी 8 अप्रैल 2025 को तय की गई अंतिम दरों पर ही बने हुए हैं। रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,740.50 रुपये हो गई है, जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 1,844.50 रुपये पहुंच गई है। मुंबई में यह सिलेंडर अब 1,692.00 रुपये में उपलब्ध होगा, जो पहले 1,642.50 रुपये था। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत बढ़कर 1,899.50 रुपये हो गई है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग वाले सिलेंडरों के दाम 50 रुपये बढ़ाए हैं। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और अन्य कारोबारी जरूरतों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, इसलिए कीमतों में इस बढ़ोतरी का असर सीधे तौर पर खाने-पीने के कारोबार पर पड़ सकता है।

### बम धमकी से एयरपोर्ट पर हड़कंप

## वाराणसी में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी | वाराणसी

वाराणसी में बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद इंडिगो की एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जिससे एयरपोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा कारणों से बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे, टर्मिनल और डिपार्चर एरिया को खाली कराया गया और पूरे परिसर को हाई अलर्ट पर रखा गया। रविवार शाम हैदराबाद से वाराणसी आ रही फ्लाइट संख्या 6E-6719 में 237 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान विमान के वॉशरूम में एक क्रू मेंबर को टिशू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में "BOMB GOOD BYE" लिखा था। सूचना मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट किया गया और आपात प्रक्रिया के तहत शाम करीब सात बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

रनवे के आसपास पहले से आठ एम्बुलेंस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात कर दी गई थीं। एयरपोर्ट अथॉरिटी और सीआईएसएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए यात्रियों को विमान से उतारकर स्कैनर से जांच कराई और पूछताछ के बाद अराइवल लाउंज में बैठाया गया। कनेक्टिंग फ्लाइट वाले यात्रियों को टर्मिनल में ही रोका गया, जबकि अन्य को बाहर भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एटीएस, एसटीएफ और इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। गोमती जोन के डीसीपी आकाश पटेल और एसीपी प्रतीक चौहान भारी पुलिस बल के साथ एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।

पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील कर दिया गया। बम स्क्वॉड विमान और यात्रियों के सामान की गहन तलाशी ले रहा है और धमकी के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2025 में मुंबई से वाराणसी आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को भी इसी तरह की धमकी मिली थी, हालांकि तब कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था। ताजा घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और जांच तेज कर दी गई है।

## मैं पंजाब की धरती को नमन करता हूं: पीएम

### आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखा

**हलवारा एयरपोर्ट के सिविल टर्मिनल का उद्घाटन**

समर न्यूज़ | जालंधर


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए डेरा बल्लां प्रमुख संत निरंजन दास।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पंजाब को दो अहम सौगातें देते हुए आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट, आदमपुर करने की घोषणा की और लुधियाना के पास हलवारा एयरपोर्ट पर बने नए सिविल टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम दोपहर करीब 3:50 बजे आयोजित हुआ। हलवारा एयरपोर्ट पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, सहकारिता और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोळ तथा सांसद राजिंदर गुप्ता मौजूद रहे। अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने मंच पर आपसी अभिवादन भी किया। इस अवसर पर कई स्थानीय विधायक और भाजपा नेता भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री करीब 3:45 बजे आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे और इसके बाद गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां भी गए। राइकोट उपमंडल के हलवारा में भारतीय वायुसेना अड्डे पर विकसित किया गया यह सिविल टर्मिनल क्षेत्र में हवाई संपर्क को मजबूत करने के साथ-साथ औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेगा। इस टर्मिनल परियोजना को पंजाब सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त उपक्रम के तहत 54.67 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक दिन पहले जारी बयान में कहा था कि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलना उस महान संत और समाज सुधारक के प्रति सम्मान है, जिनकी समानता, करुणा और मानव गरिमा की शिक्षाएं आज भी देश की सामाजिक चेतना को प्रेरित करती हैं।

**डेरा सचखंड बल्लां में गुरु रविदास को श्रद्धांजलि**

इसके बाद प्रधानमंत्री डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे और गुरु रविदास को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संत को समाज सुधारक और कवि बताते हुए उनके विचारों को प्रेरणास्रोत कहा। प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं पंजाब की इस धरती को नमन करता हूं," और गुरु रविदास जयंती तथा माघ पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने डेरा सचखंड बल्लां द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। उनका यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब हाल ही में डेरा के प्रमुख संत निरंजन दास को पद्मश्री सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में डेरा का योगदान प्रशंसनीय है और उसने गुरु रविदास की शिक्षाओं को दुनिया भर में फैलाया है। बजट की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष 17 लाख करोड़ रुपये की व्यापक आधारभूत ढांचा योजना तैयार की गई है, जिससे विकास को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने बताया कि किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है और खासकर कैंसर की दवाओं के दाम घटाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट से एमएसएमई, टेक्सटाइल और निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलेगा। मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे और बुनकरों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। पंजाब के जालंधर, लुधियाना और होशियारपुर जैसे शहरों पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब के टेक्सटाइल उद्योग को 27 नए देशों तक पहुंच मिलेगी और जालंधर के खेल सामान निर्माता भी बजट से लाभान्वित होंगे। साथ ही मोगा, फिरोजपुर, होशियारपुर और बठिंडा में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 'खेलो इंडिया मिशन' और यूरोपीय संघ-भारत व्यापार समझौते की भी सराहना की और इसे "सभी समझौतों की जननी" करार दिया। उन्होंने कहा कि ये पहलें देश में विनिर्माण, रोजगार और निर्यात को नई दिशा देंगी। अपने करीब 30 मिनट के संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर गुरु रविदास को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके विचार 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में प्रेरणा देते रहेंगे।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस, टियर-2 और टियर-3 शहरों को नए ग्रोथ सेंटर बनाने की योजना

# देशभर में 7 नई बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 में भारतीय रेल के लिए बड़े ऐलान किए। उन्होंने देशभर में सात नई हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा की। यह पहला मौका है जब केंद्रीय बजट रविवार को पेश किया गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल यात्री परिवहन को बढ़ावा देने के लिए हम शहरों के बीच सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करेंगे, जो आर्थिक विकास के ग्रोथ कलेक्टर के रूप में काम करेंगे। प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर घोषित सात हाई-स्पीड रेल रूट इस प्रकार हैं।

**मुंबई - पुणे**
**पुणे - हैदराबाद**
**हैदराबाद - बेंगलुरु**
**हैदराबाद - चेन्नई**
**चेन्नई - बेंगलुरु**
**दिल्ली - वाराणसी**
**वाराणसी - सिलीगुड़ी**

फिलहाल भारत में कोई भी पूर्ण रूप से चालू बुलेट ट्रेन कॉरिडोर नहीं है। देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना अहमदाबाद-मुंबई के बीच निर्माणाधीन है, जिसका गुजरात वाला पहला चरण 2027 तक चालू होने की उम्मीद है।




**इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर**

इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट जैसे नए फाइनेंसिंग टूल शामिल हैं। सरकार अब 5 लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों पर भी विशेष ध्यान देगी, जो नए ग्रोथ सेंटर के रूप में उभर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों में 20 नए जलमार्ग चालू किए जाएंगे, जिसकी शुरुआत ओडिशा में नेशनल वॉटरवे 5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल के खनिज-समृद्ध इलाकों और कलिंगनगर जैसे औद्योगिक केंद्रों को पारादीप और धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा। वाराणसी और पटना में भी अंतर्देशीय जलमार्गों के लिए एक शिप रिपेयर इकोसिस्टम स्थापित किया जाएगा।

इन मार्गों से प्रमुख महानगरीय शहरों को तेजी से बढ़ते शहरी और औद्योगिक केंद्रों से जोड़ने की उम्मीद है, जिससे यात्रा के समय में काफी कमी आएगी और सड़कों और पारंपरिक रेल नेटवर्क पर दबाव कम होगा।

## पंजाब पुलिस ने 767 स्थानों पर की छापेमारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के 13वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के पहचाने गये और मैप किए गए 767 ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने 148 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चार हथियार बरामद किए, जिसके साथ मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 4,061 हो गई है। इसके अलावा 178 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 291 व्यक्तियों को तफ्तीश और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 14 भगोड़े अपराधियों (पी.ओज़.) को भी गिरफ्तार किया है। लोग गुप्त रूप से वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से रिपोर्ट कर सकते हैं और किसी भी प्रकार के अपराध व आपराधिक गतिविधियों की सूचना/जानकारी साझा कर सकते हैं।

# कॉल सेंटर घोटाले में ईडी की पंजाब-हरियाणा में छापेमारी

## अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में नौ ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराध नेटवर्क से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई।

ईडी के अनुसार, यह मामला अवैध कॉल सेंटर चलाने और साइबर ठगी के जरिए विदेशी नागरिकों—मुख्य रूप से अमेरिका के लोगों—को निशाना बनाने से जुड़ा है। तलाशी के दौरान जॉनी, दक्षय सेठी, गौरव वर्मा और अन्य संबंधित व्यक्तियों के आवासीय परिसरों की जांच की गई।

जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई, जो अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से मिली सूचना के बाद दर्ज हुई थी।

आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत अमेरिका के नागरिकों से लाखों डॉलर की ठगी करने का आरोप है।

ईडी की जांच में सामने आया कि 'डिजीकैप्स – द फ्यूचर ऑफ डिजिटल' नाम से चल रहा अवैध कॉल सेंटर 36 लोगों को रोजगार देता था और इसे जॉनी, दक्षय सेठी व गौरव वर्मा की निगरानी में संचालित किया जा रहा था। इनमें जिगर अहमद, यश खुराना, इंदरजीत सिंह भाली और निखिल शर्मा भी शामिल बताए गए हैं।

आरोप है कि यह गिरोह तकनीकी सहायता सेवाओं के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को धोखा देता था। इस दौरान पीड़ितों की संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी हासिल की जाती और उन्हें अमेरिका के आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस) की कार्रवाई की धमकी देकर डराया जाता था। इसके बाद पीड़ितों को क्रिप्टोकरेंसी खातों में पैसा ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता था।

ईडी का कहना है कि ठगी से हासिल रकम को पहले क्रिप्टो वॉलेट में डाला गया और फिर 'ब्लिस इंफ्राप्रॉपर्टीज एलएलपी' और 'ब्लिस इंफ्रावेंचर्स एलएलपी' जैसी शेल कंपनियों के जरिए निजी लाभ के लिए घुमाया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल रियल एस्टेट में निवेश के लिए किया गया।

तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं और 34 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## पातड़ां में कनाडा पीआर के नाम पर 25 लाख की ठगी

समर न्यूज़ | पातड़ां

पातड़ां पुलिस ने शादी के बाद युवती को कनाडा की स्थायी निवास अनुमति (पीआर) दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता शमिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह हरमनप्रीत सिंह (निवासी गांव समाओ, जिला मानसा) से किया था। आरोप है कि विवाह के बाद पीआर दिलाने के बहाने रकम हड़प ली गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दहेज का सामान और सोने के गहने अपने कब्जे में रखकर युवती के साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर पति हरमनप्रीत सिंह, ससुर लखवीर सिंह और सास जसपाल कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में दंपती की मौत

समर न्यूज़ | तलवंडी साबो

बठिंडा के तलवंडी साबो में एक पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, तलवंडी साबो कस्बे के मेहरमियां समुदाय से जुड़े रमनदीप सिंह (31) और उनकी पत्नी मनजोत कौर की कल देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टियां होने लगीं। दोनों को तुरंत शहीद बाबा दीप सिंह सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मनजोत कौर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रमनदीप सिंह ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बताया गया है कि दोनों की शादी करीब 11 महीने पहले हुई थी। सुबह सूचना मिलने के बाद डीएसपी तलवंडी साबो हरप्रीत सिंह ने बताया कि तलवंडी साबो पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक पति-पत्नी की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। डॉक्टरों के मुताबिक, मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत के सही कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

# किसान संगठनों का सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन

## 5 फरवरी को मंत्रियों-विधायकों के घरों का घेराव

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के किसान संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने का ऐलान किया है। किसान नेताओं ने घोषणा की है कि 5 फरवरी को पूरे प्रदेश में कैबिनेट मंत्रियों और सत्ताधारी विधायकों के आवासों का घेराव किया जाएगा। इसी क्रम में अमृतसर में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के न्यू अमृतसर स्थित घर के बाहर बड़े प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह आंदोलन सरकार की "वादाखिलाफी" के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि किसानों की कई प्रमुख मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

किसान संगठनों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने, किसानों व मजदूरों के लिए कर्ज माफी लागू करने और शंभू व खनौरी बॉर्डर पर शहीद हुए किसानों के लिए घोषित 3 करोड़ 77 लाख रुपये के मुआवजे का तुरंत भुगतान करने की मांग उठाई है। इसके अलावा, आंदोलन के दौरान किसानों पर कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है।

पंधेर ने हाल ही में पेश हुए केंद्रीय बजट को "कॉरपोरेट समर्थक" बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और मनरेगा जैसे बुनियादी क्षेत्रों की अनदेखी की गई है। उन्होंने सीड एक्ट, बिजली संशोधन बिल 2025 और नए लेबर कोड को गरीब-विरोधी करार दिया तथा आरोप लगाया कि लाखों सरकारी पद खाली होने के बावजूद युवाओं के रोजगार के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया।

किसान नेताओं ने जनता से अपील की है कि 5 फरवरी के घेराव को सफल बनाने के लिए लोग अपने घरों से लंगर, दूध और राशन लेकर पहुंचें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और व्यापक व निर्णायक बनाया जाएगा।

## संगरूर में बस पेड़ से टकराई, सात घायल

समर न्यूज़ | संगरूर




जिले में घनी धुंध के कारण एक सड़क हादसा हो गया, जब बरनाला से आ रही एक निजी कंपनी की बस सड़क से फिसलकर पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि बस के पास से एक कार गुजरने के बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया। कम दृश्यता के कारण बस सड़क से नीचे उतर गई और पेड़ से जा भिड़ी।

बस में कुल 10 यात्री सवार थे, जिनमें से सात को चोटें आईं। घायलों को तुरंत संगरूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। हालांकि डॉक्टरों के अनुसार किसी की हालत गंभीर नहीं है और सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घायलों ने बताया कि वे निजी बस में यात्रा कर रहे थे और घनी धुंध के चलते अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे दुर्घटना हो गई। फिलहाल सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मजदूर को टक्कर मारकर भाग रही कार हादसे का शिकार, 5 घायल

समर न्यूज़ | बठिंडा

बुलाड़ेवाला गांव के पास तेज रफ्तार आई-20 कार ने एक मजदूर को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार होने लगा। कुछ दूरी पर कार सामने से आ रही स्विफ्ट से टकरा गई, जिससे आई-20 में सवार चार लोग भी घायल हो गए। सूचना पर सहारा जनसेवा की लाइफ सेविंग ब्रिगेड ने सभी पांच घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। मजदूर की पहचान नछत्तर सिंह के रूप में हुई है, जबकि कार सवार प्रगट सिंह, हरमनप्रीत कौर, मनप्रीत सिंह और हरभजन कौर बताए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

# दिल्ली पुलिस को मिले 12,503.65 करोड़ रुपये

समर न्यूज़ | दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री ने रविवार को आम बजट 2026–27 में दिल्ली पुलिस के लिए 12,503.65 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह 2025–26 के संशोधित अनुमान 12,405.70 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक आवंटन 11,931.66 करोड़ रुपये रहा था।

कुल बजट में से 908.78 करोड़ रुपये पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए रखे गए हैं, वहीं 342.50 करोड़ रुपये बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर खर्च किए जाएंगे। यह आवंटन नियमित खर्चों के साथ-साथ अहम इंफ्रास्ट्रक्चर और आईटी परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए किया गया है, जिनमें आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और उन्नत संचार नेटवर्क शामिल हैं। पिछले केंद्रीय बजट में केंद्र सरकार ने दिल्ली पुलिस को 12,259.16 करोड़ रुपये दिए थे, जो 2024–25 के मुकाबले 858.35 करोड़ रुपये या लगभग 7.4 प्रतिशत अधिक थे। अधिकारियों के मुताबिक, बढ़ा हुआ यह बजट 'सेफ सिटी' परियोजना जैसी प्रमुख पहलों को गति देगा और राष्ट्रीय राजधानी में पुलिसिंग तथा सार्वजनिक सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करेगा।

## बठिंडा में सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाली युवती पर केस दर्ज

समर न्यूज़ | बठिंडा



बठिंडा में सोशल मीडिया पर हथियार लहराने और हवा में फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक युवती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। डीएसपी सिटी-2 सरबजीत सिंह बराड़ ने बताया कि वायरल वीडियो की सूचना मिलते ही अलग-अलग पुलिस टीमों को जांच में लगाया गया। शुरुआती जांच के बाद युवती की पहचान कर ली गई और उसके खिलाफ थर्मल थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी बराड़ ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वीडियो में दिखाया गया हथियार किसका है और उसे कहां से हासिल किया गया। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवती का अकाउंट सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर 'नवजोत कौर' नाम से बताया जा रहा है, जिसके दो लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। वह खुद को गिद्दा कोच भी बताती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कानूनन अपराध है और ऐसी गतिविधियों से दूर रहें।

## पंजाब के लिए निराशाजनकः प्रताप सिंह बाजवा



समर न्यूज़ | चंडीगढ़ : कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने केंद्रीय बजट 2026–27 की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह पंजाब के साथ उपेक्षा का उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई और युवाओं के रोजगार के लिए स्पष्ट रोडमैप भी नहीं है। बाजवा ने कहा कि उद्योगों और शहरी विकास के लिए विशेष योजनाओं का अभाव निराशाजनक है।

## बजट गरीबों-महिलाओं-पर केंद्रित : सुनील जाखड़



समर न्यूज़ | चंडीगढ़ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित है तथा 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की 'सबका साथ-सबका विकास' नीति से प्रेरित है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार व बुनियादी ढांचे पर जोर दिया है।

**आयोजन** | कीर्तन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हेलीकॉप्टर से की पुष्पवर्षा से गूंजा वातावरण

# अमृतसर में बाबा दीप सिंह जी के 344वें जन्मदिवस पर भव्य नगर कीर्तन

समर न्यूज़ | अमृतसर





नगर कीर्तन आरंभ के दौरान श्रद्धालु। - समर न्यूज़

सिख कौम के महान शहीद बाबा दीप सिंह जी के 344वें जन्मदिवस के अवसर पर चैटीविंड चौक से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

हर वर्ष की तरह इस बार भी शिरोमणि कमेटी सदस्य जत्थेदार बावा सिंह गुमानपुरा तथा संत बाबा कश्मीर सिंह भूरी वालों के सहयोग से गुरुद्वारा शहीदगंज साहिब से जयकारों की गूंज के बीच नगर कीर्तन सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में निकले इस नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगतों ने स्कूटरों, मोटरसाइकिलों, कारों, बसों और ट्रकों के साथ भाग लिया।

नगर कीर्तन में गतका पार्टियों और बैंड टीमों ने अपने करतब दिखाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। विशेष आकर्षण के रूप में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। यह नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से होता हुआ बाबा दीप सिंह जी के जन्म स्थान गुरुद्वारा पहुविंद साहिब पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर और उत्साह के साथ स्वागत किया। रास्ते में जगह-जगह संगतों के लिए लंगर लगाए गए और अनेक प्रकार के व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर संत बाबा सुखविंदर सिंह भूरी वाले, बाबा नाहर सिंह साढ़ जी सुरसिंघ वाले, गुरुद्वारा शहीदगंज साहिब के प्रबंधक जतिंदरपाल सिंह, निशान सिंह बंटी गुमानपुरा, गुरजीत सिंह गुमानपुरा, लाल सिंह, चरणजीत सिंह छीना सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक और स्थानीय हस्तियां उपस्थित रहीं।

आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम नई पीढ़ी को शहीदों की विरासत से जोड़ते हैं और समाज में भाईचारे व सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। श्रद्धालुओं ने बाबा दीप सिंह जी के बलिदान को नमन करते हुए शांति, एकता और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**केंद्रीय बजट 2026 पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं**

# पंजाब में नाराज़गी, यूपी बिहार में समर्थन, कांग्रेस ने साधा निशाना

## बजट 2026 किसानों और पंजाब के लिए निराशाजनकः वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा



समर न्यूज़ | चंडीगढ़ : पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्रीय बजट 2026 पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें पंजाब और हरियाणा के किसानों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि अवसंरचना कोष और मंडी ढांचे के लिए कोई अतिरिक्त प्रावधान नहीं किया गया, जबकि यूरिया सब्सिडी में कटौती की गई है। चीमा ने कहा कि आम आदमी को कर राहत नहीं मिली और एसटीटी बढ़ाने से निवेशक प्रभावित होंगे। उन्होंने रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और राज्यों के वित्तीय हिस्से को लेकर भी निराशा जताई तथा कहा कि बजट में पंजाब और किसानों के लिए कुछ भी ठोस नहीं है।

## पंजाब के साथ फिर भेदभावः हरभजन सिंह ईटीओ



समर न्यूज़ | चंडीगढ़ : पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर राज्य के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजाब के किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी नहीं दी। ईटीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 2025 की भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष पैकेज मांगा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा, ग्रामीण विकास कोष के बकाया, फसल विविधीकरण, जीएसटी मुआवजा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मांगी गई राशि भी बजट में शामिल नहीं की गई।

## पंजाब के लिए खास नहीं: विक्रमजीत साहनी



समर न्यूज़ | चंडीगढ़ : राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें पंजाब के लिए कोई विशेष या लक्षित पैकेज नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि फसली विविधता और कृषि तकनीक के लिए ठोस प्रोत्साहन नहीं मिला तथा मोहाली की सेमीकंडक्टर लैब के आधुनिकीकरण हेतु स्वीकृत धन अब तक जारी नहीं हुआ। साहनी ने खेल सामग्री और टेक्सटाइल योजनाओं को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इनका असली लाभ जालंधर और लुधियाना के उद्योगों तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने सीमा-क्षेत्र और कर्ज के बावजूद विशेष पैकेज न मिलने को निराशाजनक बताया।

## सीएम योगी ने केंद्रीय बजट 2026 को बताया जन-और महिला-केंद्रित



समर न्यूज़ | लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट 2026–27 की सराहना करते हुए इसे आम जनता और महिलाओं पर केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि यह 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप है। सीएम योगी ने अवसंरचना विकास के लिए 12 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान और सात रेल गलियारों के निर्माण को अहम बताया। उन्होंने कामकाजी महिलाओं और छात्रों के लिए छात्रावासों के विकास तथा विज्ञान-तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने की योजनाओं की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए नए अवसर लाएगा और नए भारत के निर्माण में सहायक होगा।

## सीएम नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट 2026–27 को बताया प्रगतिशील और विकासोन्मुख



समर न्यूज़ | पटना : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए इसे "सकारात्मक और प्रगतिशील" करार दिया। उन्होंने कहा कि यह 'विकसित भारत' के लक्ष्य के अनुरूप है और राष्ट्रीय विकास को गति देगा। नीतीश कुमार ने सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग और सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए 40,000 करोड़ रुपये के प्रावधानों को अहम बताया। उन्होंने कहा कि इनसे बिहार को भी लाभ मिलेगा, खासकर वाराणसी–सिलीगुड़ी रेल कॉरिडोर और जलमार्ग विस्तार से। मुख्यमंत्री ने बड़े टेक्सटाइल पार्क, शहरी विकास योजनाओं और बालिका छात्रावासों के निर्माण की घोषणा को युवाओं और छात्राओं के लिए अवसर बढ़ाने वाला कदम बताया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया।

## राजीव दत्ता ने बजट 2026 की सराहना की



लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता ने केंद्रीय बजट 2026 की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों और उद्यमियों के लिए अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। दत्ता ने अवसंरचना, एमएसएमई और तकनीक आधारित क्षेत्रों में निवेश को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बजट से देश में निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और विकसित भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी।

## देश के असली संकटों की अनदेखी : राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को केंद्रीय बजट 2026–27 की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह देश के वास्तविक आर्थिक संकटों को नजरअंदाज करता है और सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाता। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विनिर्माण क्षेत्र कमजोर हो रहा है, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, घरेलू बचत घट रही है और किसान संकट में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बेरोजगारी बढ़ रही है और वैश्विक जोखिमों के बावजूद बजट में इन चुनौतियों का समाधान नहीं दिखता।

## बजट में पारदर्शिता की कमीः जयराम रमेश



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि बजट भाषण में प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए किए गए आवंटन का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि करीब 90 मिनट के भाषण के बाद भी यह साफ हो गया कि बजट प्रचार के अनुरूप नहीं है और इसमें पारदर्शिता का अभाव है। रमेश ने आरोप लगाया कि आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने ठोस जानकारी नहीं दी, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बजट में दूरदर्शिता की कमीः मल्लिकार्जुन खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय बजट 2026 पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें देश की गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए न तो स्पष्ट दृष्टि है और न ही राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास अब नए विचार नहीं बचे हैं।

www.summerexpress.in

समर प्राइम 3

2 फरवरी 2026

समर एक्सप्रेस

# मैं लाशें गिनता हूं, तुम वोट गिनो

## भट्टल बयान को सुरजीत पातर की कविता से जोड़कर बोले पन्नू

▪ धमाके करवाने का ऑफर नई बात नहीं भट्टल विवाद पर बोले बलतेज पन्नू

तपिन मल्होत्रा | चंडीगढ़
समर न्यूज़



पंजाब की पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता राजिंदर कौर भट्टल के हालिया विवादित बयान ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है। इसी विषय पर चर्चा और स्थिति स्पष्ट करने के लिए द समर न्यूज चैनल पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू से बातचीत की।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह जो अब भाजपा में हैं, उन्होंने भी पहले एक बयान दिया था कि एक समय देश के प्रधानमंत्री के सामने 21 युवाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए पेश किया गया, लेकिन बाद में उनकी हत्या कर दी गई। जब इस बयान पर कैप्टन अमरिंदर सिंह से सवाल किए गए, तो उन्होंने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और न ही यह बताया कि वे युवा किस परिवार या क्षेत्र से संबंधित थे।

पन्नू ने कहा कि जब राजिंदर कौर भट्टल यह कहती हैं कि उन्हें राज्य में धमाके करवाने का ऑफर मिला था, तो यह बात पंजाब के लोगों के लिए नई नहीं है, लेकिन इतने वरिष्ठ नेता के मुंह से यह सुनकर संदेह अब यकीन में बदलता नजर आ रहा है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की तुलना प्रसिद्ध कवि सुरजीत पातर की कविता से करते हुए कहा मैं लाशें गिनता हूं, तुम वोट गिनो।

पन्नू के अनुसार पंजाब की पारंपरिक राजनीति लंबे समय तक आपसी समझौतों और सत्ता की अदला-बदली तक सीमित रही, जहां एक ही परिवार या गुट सत्ता में बने रहे और किसी तीसरे विकल्प को मौका नहीं दिया गया। राजिंदर कौर भट्टल से जुड़े इस बयान पर सवाल उठाए जाने को लेकर पन्नू ने बताया कि पंजाबी भाषा में लिखी गई एक किताब "खुले भेद" में इस पूरे प्रसंग का ज़िक्र है। उस किताब में यह भी बताया गया है कि उनके घर में रहने वाला एक व्यक्ति किस संगठन से जुड़ा था।

पन्नू ने कहा कि आज वही बातें खुद राजिंदर कौर भट्टल अपने बयान से दोहरा रही हैं। उन्होंने अपील की कि यदि कोई व्यक्ति इतने बड़े संवैधानिक पद पर रह चुका है और इस तरह का गंभीर आरोप लगा रहा है, तो उसे जनता के सामने पूरी सच्चाई भी रखनी चाहिए। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की ओर से फिलहाल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता इस बयान पर टिप्पणी करने से बचते नजर आ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद राजा वड़िंग ने कहा कि 28 साल बाद इस तरह का बयान देना उचित नहीं था, और यदि दिया गया है तो इसकी सच्चाई भी जनता के सामने लाई जानी चाहिए।

# केंद्रीय बजट: मध्यम वर्ग की निराशा पर सोशल मीडिया पर मीम्स वायरल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए नौवें आम बजट के बाद कई मध्यम वर्गीय करदाताओं में निराशा देखने को मिली, जिसका असर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मजेदार मीम्स के रूप में सामने आया। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं, बायोफार्मा निर्माण और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी, लेकिन टैक्स राहत को लेकर उम्मीदें पूरी न होने से आम करदाताओं में असंतोष साफ झलका।

बजट के तुरंत बाद इंटरनेट पर मीम्स की बाढ़ आ गई, जिनमें लोगों ने लोकप्रिय फिल्मों और रोजमर्रा की स्थितियों से जुड़े दृश्य इस्तेमाल कर अपनी भावनाएं जाहिर कीं। खास तौर पर फिल्म धुरंधर से प्रेरित मीम्स ने "उम्मीदें बनाम हकीकत" का भाव दिखाते हुए खूब सुर्खियां बटोरीं। कई यूजर्स ने शेयर बाजार की गिरावट को भी इस माहौल से जोड़ दिया, क्योंकि बजट के दिन सेंसेक्स में 2,000 अंकों से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों का कहना है कि टैक्स स्लैब में किसी बड़े बदलाव या सीधी राहत की घोषणा न होने से मध्यम वर्ग को झटका लगा है, जबकि सरकार का तर्क है कि दीर्घकालिक विकास के लिए निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस जरूरी है। कुल मिलाकर, बजट 2026 ने आर्थिक विकास के रोडमैप के साथ-साथ सोशल मीडिया पर चर्चाओं और हास्यपूर्ण प्रतिक्रियाओं की नई लहर भी पैदा कर दी है, जिसमें उम्मीद और निराशा दोनों भाव साफ दिखाई दे रहे हैं।

# कुत्तों से जुड़े मिथक, सुरक्षा और जिम्मेदारी



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हस्ताक्षर



पायल मोहिंद्रा

कोरोना के बाद घरों में पालतू कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसी के साथ कुत्तों को लेकर डर, गलतफहमियां और कई सवाल भी सामने आए हैं। इन सभी पहलुओं पर वेटरनरी डॉक्टर डॉ. सुलभा जिंदल से हुई खास बातचीत में कई मिथक टूटे और जरूरी जानकारियां सामने आईं। डॉ. जिंदल के अनुसार, आम तौर पर कुत्ता तभी आक्रामक होता है जब उसकी टेरिटरी में बिना समझे-बूझे दखल दिया जाए। सड़क या किसी अनजान जगह पर अगर कुत्तों का झुंड दिखे तो सबसे सुरक्षित तरीका है शांत रहना, आंखों में आंखें डालकर न देखना और धीरे-धीरे पीछे हटना। मारने या डराने की कोशिश हालात बिगाड़ सकती है। रेबीज को लेकर फैली भ्रांतियों पर डॉ. जिंदल ने साफ किया कि रेबीज बैक्टीरिया नहीं बल्कि एक वायरस है और यह सिर्फ संक्रमित कुत्ते की लार से फैलता है। हर कुत्ते की लार में रेबीज वायरस नहीं होता। अगर पालतू कुत्ता वैक्सीनेटेड है, बाहर के संक्रमित कुत्तों के संपर्क में नहीं आया है और पूरी तरह स्वस्थ है, तो उससे रेबीज फैलने की संभावना नहीं होती। हालांकि स्ट्रे डॉग के काटने की स्थिति में रेबीज वैक्सीनेशन कराना जरूरी है, क्योंकि उनका स्टेटस अक्सर पता नहीं होता। बच्चों और कुत्तों के रिश्ते पर बात करते हुए डॉ. जिंदल ने कहा कि बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि वे किसी भी कुत्ते को अचानक पकड़ें या हग न करें। कुत्तों के लिए हग करना असहज हो सकता है। पहले मालिक से अनुमति लें और कुत्ते को समय दें कि वह आपको सूंघकर समझ सके। डॉ. जिंदल ने यह भी बताया कि पालतू जानवर बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने, एंग्जायटी और गुस्से को घटाने में मददगार साबित हुए हैं। कई परिवारों ने पालतू कुत्ता अपनाने के बाद खुद को ज्यादा स्ट्रेस-फ्री महसूस किया है। स्ट्रे डॉग्स की समस्या के समाधान पर उनका मानना है कि मारना या भगाना समाधान नहीं है। स्टेरलाइजेशन और वैक्सीनेशन ही सबसे मानवीय और प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी जानवर को घर लाने से पहले उसकी ब्रीड, टेम्परामेंट और भविष्य की जिम्मेदारियों को समझना बेहद जरूरी है। डॉ. जिंदल का साफ संदेश है कुत्ता रखना प्यार के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है और सही जानकारी ही इंसान व जानवर दोनों की सुरक्षा की कुंजी है।

# 10 साल में सबसे बड़ा रक्षा बजट इजाफा, 7.84 लाख करोड़ रुपए आवंटित

एजेंसी | हैदराबाद



केंद्र सरकार के ताजा बजट में रक्षा क्षेत्र को लेकर बड़ा संदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर का सीधा असर इस बार के रक्षा बजट में देखने को मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीनों सेनाओं के लिए कुल 7.84 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया है, जो 2025-26 के मुकाबले करीब 1 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है।

यह बढ़ोतरी करीब 15 प्रतिशत की है, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे बड़ी मानी जा रही है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। सरकार के मुताबिक यह ऑपरेशन 6 मई से जारी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा सुरक्षा हालात और सीमा पार से बढ़ते खतरों को देखते हुए सरकार ने रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया है। रक्षा बजट के चार प्रमुख हिस्से हैं, जिनमें सबसे बड़ा फोकस कैपिटल एक्सपेंडिचर पर है। हथियारों की खरीद और सैन्य आधुनिकीकरण के लिए इस मद में 2.19 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 1.80 लाख करोड़ रुपए थी।

इसके अलावा रेवेन्यू खर्च यानी सैनिकों के वेतन, भत्ते और रोजमर्रा के संचालन खर्च में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रिटायर्ड सैनिकों के लिए डिफेंस पेंशन बजट भी रक्षा खर्च का बड़ा हिस्सा बना हुआ है, जिसमें हर साल इजाफा दर्ज किया जा रहा है। दूसरी ओर, रक्षा मंत्रालय के नागरिक प्रशासन और कोस्ट गार्ड से जुड़े सिविल डिफेंस बजट में मामूली कटौती की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद तैयार किया गया यह बजट देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिससे सेनाओं की ताकत और तैयारियां और मजबूत होंगी। इस बजट में लड़ाकू विमानों और एयरो इंजन पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए 63,733 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नौसेना के बेड़े के विस्तार के लिए 25,024 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत और फ्रांस के बीच 114 राफेल लड़ाकू विमानों की बड़ी डील पर भी काम चल रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए 17,250 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इसके अलावा, विमान और रक्षा उपकरण निर्माण में इस्तेमाल होने वाले इम्पोर्टेड कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी हटाकर सरकार ने डिफेंस और एयरोस्पेस इंडस्ट्री को बड़ी राहत दी है। वैश्विक स्तर पर भारत का रक्षा बजट चीन से अभी भी कम है, लेकिन पाकिस्तान के मुकाबले कहीं आगे है। चीन का रक्षा बजट जहां 27 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, वहीं पाकिस्तान को रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए अपने कुल बजट में कटौती करनी पड़ी है।

### अमेजन की छंटनी योजना समय से पहले उजागर, सैकड़ों कर्मचारियों में डर

# गलती से भेजे गए ईमेल ने बढ़ाई कर्मचारियों की चिंता

एजेंसी | नई दिल्ली




दिग्गज टेक कंपनी अमेजन एक बार फिर अपने लेऑफ प्लान को लेकर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह कंपनी की एक गंभीर आंतरिक गलती है। Amazon Web Services (एडब्ल्यूएस) में सैकड़ों कर्मचारियों को उस समय गहरा झटका लगा, जब लेऑफ से जुड़ा एक ईमेल और मीटिंग इनवाइट तय समय से पहले ही गलती से भेज दिया गया।

मंगलवार को एडब्ल्यूएस के कई कर्मचारियों को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जो बुधवार को होने वाली छंटनी से संबंधित था। यह ईमेल एडब्ल्यूएस की Applied AI Solutions यूनिट की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट Colleen Aubrey के नाम से भेजा गया था। ईमेल में दावा किया गया कि अमेरिका, कनाडा और कोस्टा रिका में प्रभावित कर्मचारियों को पहले ही नौकरी से निकाले जाने की सूचना दी जा चुकी है, जबकि वास्तविकता में किसी को भी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई थी।

**Slack पर मचा हड़कंप, मीटिंग इनवाइट हुआ कैंसिल**

ईमेल मिलते ही एडब्ल्यूएस के आंतरिक Slack चैनलों पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने जवाब और स्पष्टता की मांग शुरू कर दी। इसी बीच बुधवार सुबह के लिए भेजा गया एक टीम-वाइड मीटिंग इनवाइट भी कुछ ही समय बाद कैंसिल कर दिया गया, जिससे भ्रम और डर का माहौल और गहरा गया। ईमेल में इस छंटनी प्रक्रिया को "Project Dawn" नाम दिया गया था, जो अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया था। Amazon ने इस पूरे घटनाक्रम पर तत्काल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

**हजारों नौकरियों पर मंडरा रहा खतरा**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन इस सप्ताह हजारों कॉर्पोरेट कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रहा है। इसका असर एडब्ल्यूएस के अलावा रिटेल, प्राइम वीडियो और ह्यूमन रिसोर्सेज यूनिट्स पर भी पड़ सकता है। हालांकि, कंपनी ने अभी तक यह साफ नहीं किया है कि कुल कितनी नौकरियां खत्म होंगी।

गौरतलब है कि अक्टूबर में अमेजन ने संकेत दिए थे कि लगभग 30,000 कॉर्पोरेट पद समाप्त किए जा सकते हैं। यह संख्या कंपनी के कुल 15.8 लाख कर्मचारियों की तुलना में भले ही कम हो, लेकिन कॉर्पोरेट वर्कफोर्स का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा बनती है।

**एआई को बताया गया लेऑफ की बड़ी वजह**

अमेजन ने अक्टूबर में जारी एक ब्लॉग पोस्ट में इन छंटनियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते इस्तेमाल से जोड़ा था। यह ब्लॉग कंपनी की एचआर प्रमुख Beth Galetti की ओर से लिखा गया था, जिसमें भविष्य में और नौकरियों के प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि मंगलवार को गलती से भेजे गए ईमेल में उसी ब्लॉग पोस्ट का जिक्र था, जो अब तक अमेजन की वेबसाइट पर लाइव भी नहीं हुआ है। इससे यह संकेत मिलता है कि लेऑफ की तैयारी अंदरखाने काफी आगे बढ़ चुकी है, लेकिन मैनेजमेंट स्तर पर तालमेल की भारी कमी सामने आई है।

## पीएम की विदेश यात्रा पर आया 4.69 करोड़ खर्च

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जुलाई 2025 में घाना यात्रा के दौरान हुए खर्च को लेकर अपने पहले दिए गए जवाब से पीछे हटते हुए संशोधित जानकारी जारी की है। मंत्रालय ने अब स्वीकार किया है कि इस यात्रा पर भारत सरकार ने 4.69 करोड़ रुपये खर्च किए। इससे पहले, 26 नवंबर 2025 को विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल डिवीजन द्वारा एक आरटीआई के जवाब में कहा गया था कि प्रधानमंत्री घाना सरकार के 'राजकीय अतिथि' के रूप में वहां गए थे और उनकी यात्रा से संबंधित खर्च जैसे आवास, स्थानीय परिवहन और आधिकारिक कार्यक्रम मेजबान देश द्वारा वहन किए गए थे। इसी आधार पर मंत्रालय ने यह दावा किया था कि भारत सरकार की ओर से इस दौरे पर कोई खर्च नहीं हुआ। हालांकि, आरटीआई कार्यकर्ता अजय बासुदेव बोस द्वारा दायर पहली अपील के बाद मंत्रालय को अपना रुख बदलना पड़ा। अपील में बोस ने विदेश मंत्रालय से इस बात के दस्तावेजी सबूत मांगे थे कि प्रधानमंत्री वास्तव में घाना सरकार के अतिथि थे या नहीं।

# रेलवे ने शुरू किया एलएनजी इंजन ट्रेनों का ट्रायल

### एलएनजी से चलने वाली पहली ट्रेन अहमदाबाद पहुंची



एजेंसी | अहमदाबाद

भारतीय रेलवे की हरित पहल के तहत देश की पहली लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) से चलने वाली ट्रेन अहमदाबाद पहुंच गई है। इस हाईटेक ट्रेन का ट्रायल गुजरात के मेहसाणा-साबरमती रेल खंड पर सफलतापूर्वक जारी है, जहां यह अब तक 2000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, एक बार पूरी तरह भरे एलएनजी टैंक पर यह ट्रेन लगभग 2200 किलोमीटर तक चल सकती है, जिससे बार-बार ईंधन भरने की जरूरत नहीं पड़ती। आने वाले समय में इस खंड पर 8 से 10 अन्य ट्रेनों में भी एलएनजी तकनीक अपनाने की योजना है।

सफल ट्रायल के बाद इस तकनीक को बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा। इस परियोजना के तहत लगभग 1400 हॉर्सपावर क्षमता वाली डीजल इंजनों को एलएनजी ईंधन प्रणाली में बदला गया है।

अहमदाबाद के डीआरएम वेद प्रकाश ने बताया कि एलएनजी, डीजल की तुलना में सस्ता ईंधन है, जिससे ट्रेन संचालन की कुल लागत में कमी आएगी। इसके साथ ही, एलएनजी से चलने वाली ट्रेनों से कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और धूल कणों जैसे प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन काफी कम होता है, जिससे रेलवे ट्रैक के आसपास की हवा भी साफ रहती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एलएनजी ईंधन प्रणाली अपनाने से इंजन की शक्ति या प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ता और इसकी विश्वसनीयता डीजल इंजन के समान बनी रहती है। रेलवे का मानना है कि एलएनजी आधारित ट्रेनों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ईंधन खर्च में बचत के साथ हरित और टिकाऊ परिवहन की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**साहिल खुराना**
**महादेव सेवा सोसाइटी**
**लुधियाना**

## गूगल के दो अपडेट; एंड्रॉइड में मजबूत थेफ्ट प्रोटेक्शन, जीमेल में आया जेमिनी AI

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

गूगल ने यूजर्स की सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए दो बड़े अपडेट लॉन्च किए हैं। पहला अपडेट एंड्रॉइड के थेफ्ट प्रोटेक्शन से जुड़ा है, जिसका मकसद फोन चोरी होने पर बैंकिंग ऐप्स, फोटो और निजी डेटा को सुरक्षित रखना है। अब संवेदनशील ऐप्स खोलने के लिए सिर्फ पिन नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक पहचान जरूरी होगी। गलत पिन बार-बार डालने पर फोन अपने आप लंबे समय के लिए लॉक हो जाएगा। वहीं, android.com/lock के जरिए बिना गूगल अकाउंट लॉगिन किए फोन को रिमोट लॉक किया जा सकेगा। दूसरा बड़ा अपडेट जीमेल में जेमिनी एआई की एंट्री है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### स्कूल से स्क्रीन तक जंक फूड का असर, कम उम्र में बढ़ रहा मोटापा: WHO रिपोर्ट

# 18.8 करोड़ बच्चे मोटापे का शिकार, बढ़ा बीमारियों का खतरा

एजेंसी | नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि दुनिया भर में करीब 18.8 करोड़ बच्चे और किशोर मोटापे से ग्रस्त हैं। संगठन ने बाल मोटापे को सबसे तेजी से बढ़ते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों में से एक बताते हुए कहा है कि इसकी बड़ी वजहें अस्वास्थ्यकर खानपान, जंक फूड का आक्रामक प्रचार और ऐसे वातावरण हैं जो पौष्टिक भोजन के बजाय अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देते हैं।

मोटापे की रोकथाम पर जारी अपनी ताज़ा वैश्विक गाइडलाइंस में डब्ल्यूएचओ ने बताया कि 5 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 39 करोड़ बच्चे अधिक वजन के हैं, जिनमें 18.8 करोड़ मोटापे की श्रेणी में आते हैं। इससे आगे चलकर उन्हें डायबिटीज, हृदय रोग और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार आज के बच्चे चीनी, नमक और वसा से भरपूर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से घिरे हुए हैं, जिनका प्रचार टेलीविजन, डिजिटल मीडिया और यहां तक कि स्कूल परिसरों में भी किया जा रहा है। यह लगातार संपर्क बच्चों की आजीवन खाने की आदतों को प्रभावित कर रहा है और कम उम्र में ही मोटापे को बढ़ावा दे रहा है।



तत्काल कदम उठाने की अपील करते हुए डब्ल्यूएचओ ने सरकारों से बच्चों के लिए अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों के विज्ञापनों पर रोक, स्कूलों के भीतर और आसपास बिकने वाले भोजन की पोषण गुणवत्ता में सुधार, और परिवारों को सही जानकारी देने के लिए फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल लागू करने का आग्रह किया है। साथ ही, स्वस्थ स्कूल भोजन, सुरक्षित पेयजल और नियमित शारीरिक गतिविधि को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया है।

गाइडलाइंस में यह भी चेतावनी दी गई है कि मोटापा अब केवल अमीर देशों की समस्या नहीं रह गई है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में भी इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जहां बच्चों को एक ओर कुपोषण और दूसरी ओर सस्ते, अस्वास्थ्यकर भोजन की आसान उपलब्धता - दोनों का सामना करना पड़ रहा है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि यदि मजबूत नीतिगत हस्तक्षेप नहीं किए गए तो बाल मोटापे के मामले लगातार बढ़ते रहेंगे, जिससे स्वास्थ्य प्रणालियों पर दीर्घकालिक बोझ पड़ेगा और भविष्य की उत्पादकता प्रभावित होगी। संगठन के अनुसार, मोटापे की शुरुआती रोकथाम आजीवन बीमारियों के इलाज की तुलना में कहीं अधिक आसान और किफायती है।

### बजट-2026; अंबाला से हिसार तक उड़ान, पंचकूला बनेगा फार्मा हब

# बजट में 7 जिलों को फायदा; इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर फार्मा और एविएशन सेक्टर को मिलेगा बूस्ट

समर न्यूज | चंडीगढ़

केंद्र सरकार के केंद्रीय बजट 2026 में हरियाणा के सात जिलों को सीधा लाभ मिलता नजर आ रहा है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, एविएशन, बायोफार्मा, MSME और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर खास फोकस किया गया है। अंबाला, हिसार और करनाल की हवाई पट्टियों को सी-प्लेन संचालन के लिए विकसित किया जाएगा, जिससे राज्य में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

इसके साथ ही गुरुग्राम और फरीदाबाद में विमान के पुर्जे बनाने वाले छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए विशेष केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार द्वारा विमान पाट्‌र्स पर टैक्स हटाने के फैसले से हरियाणा में एविएशन मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। इससे विदेशी कंपनियों के निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण व रोजगार के अवसर मिलेंगे।



बजट को सुनते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। - समर न्यूज

**▪ पंचकूला बनेगा फार्मा हब**

बजट में 'बायोफार्मा शक्ति' योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया गया है। इससे हरियाणा के फार्मा सेक्टर, खासकर पंचकूला, को सीधा फायदा होगा। यहां एसोसिएटेड बायोफार्मा, बायोफार लाइफसाइंसेज और मेडरूट्स बायोफार्मा जैसी कंपनियां WHO मानकों के अनुसार टैबलेट, कैप्सूल, सिरप और आयुर्वेदिक दवाइयों का उत्पादन कर रही हैं।

इस निवेश से कैंसर, शुगर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

**▪ IMT और रोजगार पर जोर**

सोनीपत के खरखौदा और गुरुग्राम के मानेसर स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप को विस्तार देने की योजना है। 12.2 लाख करोड़ रुपए के कैपेक्स के जरिए रेल, सड़क और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इससे हरियाणा में नए निवेश आएंगे और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**▪ हिसार एयरपोर्ट और RRTS-EV को लाभ**

हिसार में बन रहे एयरपोर्ट पर विमान मरम्मत और पाट्‌र्स मैन्युफैक्चरिंग की सुविधाएं विकसित होंगी, जिससे हरियाणा एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। वहीं, RRTS कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग नेटवर्क को फंडिंग मिलने से दिल्ली-गुरुग्राम-फरीदाबाद क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा।

**मुख्यमंत्री सैनी का बयान**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय और MSME के लिए 10,000 करोड़ का प्रावधान हरियाणा के औद्योगिक विकास को नई गति देगा। एआई और क्वांटम मिशन में निवेश से गुरुग्राम को ग्लोबल टेक हब के रूप में मजबूती मिलेगी। वहीं, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बजट को लेकर सरकार पर हरियाणा की अनदेखी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि राज्य से भारी जीएसटी और टोल टैक्स वसूली के बावजूद बजट में हरियाणा को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिली।

## कैब ड्राइवर मर्डर केस में तीन आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज | गुरुग्राम




गुरुग्राम में कैब चालक सूरज की अपहरण के बाद हत्या कर टैक्सी लूटने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस सनसनीखेज हत्याकांड में अब तक कुल चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है और फरार साथियों की तलाश तेज कर दी है।

सेक्टर-9 थाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के बिजवासन निवासी कर्ण, बिहार के समस्तीपुर निवासी चंदन और गुरुग्राम के गढ़ी हरसरु निवासी कार्तिक के रूप में हुई है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के निवासी सानू को गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस जांच में सामने आया है कि सभी आरोपी 27 जनवरी की रात करीब ढाई बजे सेक्टर-37 से कैब बुक कर चालक सूरज को चंदू-बुढेड़ा की ओर ले गए थे। सुल्तानपुर क्षेत्र में आरोपियों ने सुनसान जगह पर मफलर से गला घोंटकर सूरज की हत्या कर दी और उसकी टैक्सी लेकर फरार हो गए। हत्या के बाद शव को खेतों में फेंक दिया गया था।

**जीपीएस ट्रैकिंग से खुला मामला** : मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के रैपुरा गांव निवासी सूरज सिंह वर्तमान में गांधीनगर में रहकर गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में टैक्सी चला रहे थे। वह पार्ट टाइम ओला, उबर और रेपिडो के लिए भी सेवाएं दे रहे थे। सूरज के जीजा और दोस्त ने जीपीएस लोकेशन के आधार पर गाड़ी को दिल्ली के कापसहेड़ा क्षेत्र में ट्रैक किया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस की मदद से पहले आरोपी सानू को पकड़ा गया। सानू की निशानदेही पर गुरुवार रात सुल्तानपुर के पास खेतों से सूरज का शव बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान सानू ने पूरे गिरोह और साजिश का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार, लूटी गई टैक्सी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी कार्तिक ने अपने फोन से कैब बुक कर पूरी वारदात की योजना बनाई थी। फिलहाल मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।

## पुलिस की तत्परता से ढाई घंटे में मिला लापता बच्चा

समर न्यूज | सिरसा

हेलीमंडी पुलिस ने ढाई घंटे के भीतर साढ़े तीन वर्षीय निशांत को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंपकर एक बार फिर अपनी तत्परता का परिचय दिया। यह घटना पटौदी के टोडापुर क्षेत्र में हुई, जहां दोपहर करीब साढ़े बारह बजे निशांत खेलते समय अचानक गायब हो गया।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के तुलसी बारह गांव निवासी सोहन पासवान अपनी पत्नी पूजा और दो बच्चों के साथ टोडापुर में किराए के मकान में रह रहे हैं। उस दिन सोहन पासवान अपनी नौकरी पर गए हुए थे। पूजा अपने बेटे निशांत को स्कूल से लाकर घर लेकर आई थी। घर के पास खेलते समय निशांत अचानक गायब हो गया, जिसके बाद पूजा ने आस-पड़ोस और अन्य बच्चों में तलाश की, लेकिन उनका बेटा नहीं मिला। मौके पर सूचना मिलने के तुरंत बाद हेलीमंडी पुलिस चौकी प्रभारी सत प्रकाश ने अपनी टीम को बच्चे की खोज में लगाया। टीम ने क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण करते हुए स्थानीय इलाकों और मुख्य मार्गों की तलाशी ली। ढाई घंटे की खोजबीन के बाद निशांत को रामपुर रोड के पास सुरक्षित पाया गया। पुलिस ने बच्चे को तुरंत उसकी मां को सौंपा। हेलीमंडी पुलिस की इस तेज़ प्रतिक्रिया और समन्वित कार्रवाई से परिवार में राहत की लहर दौड़ गई। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी बच्चे की सुरक्षा के मामले में देर करना मान्य नहीं होगा और सभी मामलों में तत्परता बरती जाएगी। पुलिस ने कहा कि इस घटना ने यह साबित कर दिया कि समय पर कार्रवाई और समुदाय का सहयोग बच्चों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परिवार ने पुलिस की तारीफ करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

## जवाहर नगर में आग से हड़कंप, सूझबूझ से टला हादसा

समर न्यूज | हिसार

शहर के जवाहर नगर क्षेत्र की गली नंबर 11 में रविवार को दिन के समय एक मकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के वक्त मकान मालकिन उर्मिला राठी (68) छत पर मौजूद थीं। घर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाई और समय रहते उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धूप खिली होने के कारण उर्मिला राठी छत पर बैठी थीं, तभी नीचे से धुआं उठता नजर आया। स्थिति को भांपते हुए पड़ोसी मकानों की छतों से युवक मौके पर पहुंचे और सीढ़ी लगाकर उन्हें पड़ोसी के घर के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद युवाओं ने जान की परवाह किए बिना घर के भीतर प्रवेश किया। स्थानीय युवकों ने शीशे तोड़कर पानी डालते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की



घर के अंदर आग लगने के बाद का दृश्य। - समर न्यूज

मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक लिया गया। आग की चपेट में आने से मकान की रसोई पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। हालांकि संकरी गलियों के कारण अग्निशमन विभाग की बड़ी गाड़ी को पहुंचने में देरी हुई।

उर्मिला राठी के भतीजे रोहित राठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई गई है। रसोई में रखा गैस सिलेंडर पड़ोसियों ने समय रहते बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अग्निशमन विभाग की देरी को लेकर नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि संकरी गलियों वाले इलाकों के लिए छोटी फायर ब्रिगेड गाड़ियों की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि पड़ोसी समय पर साहस न दिखाते, तो नुकसान कहीं अधिक हो सकता था।

## सोहना-गुरुग्राम रोड पर सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

समर न्यूज | गुरुग्राम

भोंडसी थाना क्षेत्र में सोहना–गुरुग्राम रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे खराब हालत में खड़े एक ट्रक से बाइक पीछे से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही हालत नाजुक हो गई और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सोहना के वार्ड नंबर-19 निवासी जावेद के रूप में हुई है। जावेद गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे और शनिवार को ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भोंडसी क्षेत्र में मनसा गार्डन के पास फ्लाईओवर पर खड़ा एक ट्रक उनकी बाइक की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस जांच में सामने आया है कि ट्रक सड़क पर खराब हालत में खड़ा था, लेकिन चालक ने न तो ट्रक की पार्किंग लाइट जलायी थी और न ही पीछे कोई चेतावनी संकेत या ट्रैफिक स्टॉपर लगाया गया था। अंधेरा होने के कारण जावेद को ट्रक समय रहते दिखाई नहीं दिया और तेज रफ्तार बाइक सीधे ट्रक से जा टकराई।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। भोंडसी थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना ढंग से वाहन खड़ा करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

## तार चोरी करते युवक की करंट लगने से मौत

समर न्यूज | फतेहाबाद

जिले के गांव ढाणी जल्लोपुर में रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां हाई वोल्टेज 11 केवी बिजली लाइन से तार चोरी करने के प्रयास में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने बिजली के खंभे पर युवक का शव लटका देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने बिजली निगम और पुलिस को मामले की जानकारी दी। मृतक की पहचान गांव हड़ौली निवासी मक्खन सिंह (28) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक रात के समय तार चोरी की नीयत से कटर लेकर 11 केवी लाइन के एच-पोल पर चढ़ा था। इसी दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही जल्लोपुर सब स्टेशन में तैनात



करंट की चपेट में युवक। - समर न्यूज

लाइनमैन सुरेंद्र सहित बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद करवाई। इसके बाद शव को खंभे से नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के लाइनमैन सुरेंद्र की शिकायत पर मृतक के खिलाफ बिजली तार चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस और बिजली निगम ने आमजन से अपील की है कि बिजली लाइनों से छेड़छाड़ जानलेवा हो सकती है और इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें।

## गुरु रविदास धाम निर्माण के लिए सीएम ने 90 करोड़ रुपये के टेंडर किए जारी

समर न्यूज | कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र जिले के गांव उमरी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने गुरु रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रदेशवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों के लिए अहम घोषणाएं करते हुए कहा कि 20 वर्षों से एक ही स्थान पर रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए विशेष पॉलिसी लाई जाएगी। साथ ही एससी कम्पोनेंट प्लान की राशि का उपयोग केवल अनुसूचित समाज के कल्याण के लिए किया जाएगा। सीएम ने उमरी गांव में 5 एकड़ में 124 करोड़ की लागत से गुरु रविदास धाम निर्माण की घोषणा की, जिसके पहले चरण के लिए 90 करोड़ के टेंडर जारी हो चुके हैं।

### अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

## पुलिस ने करोड़ों की ज्वेलरी चोरी का किया पर्दाफाश

**▪ आरोपियों को बहादुरगढ़ न्यायालय में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया**

समर न्यूज | बहादुरगढ़

सेक्टर-6 स्थित कोमल ज्वेलर्स की दुकान से 8 अक्टूबर 2025 को हुई करोड़ों की ज्वेलरी चोरी में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को बहादुरगढ़ न्यायालय में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि उनसे चोरी की बरामदगी और अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ की जा सके। अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, एआई, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपियों तक पहुँच बनाई। पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली और मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ा गया। इसमें दिल्ली के झंगोला गांव के परमजीत और जसविंद्र तथा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज

नांगलोई का राम सिंह शामिल हैं।

जांच में पता चला कि जसविंद्र के खिलाफ पहले से चोरी के छह मामले दर्ज हैं, जबकि परमजीत और राम सिंह पर दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश में चोरी और डकैती के मामले दर्ज हैं। वारदात में चोरी की गई गाड़ी का इस्तेमाल किया गया था, जिसे बाद में सबूत मिटाने के लिए यमुना नदी किनारे दिल्ली में जला दिया गया। पहले ही एक अन्य सदस्य सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम) अमित दहिया ने बताया कि झज्जर प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने इस जटिल मामले को सुलझाया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान चोरी किए गए आभूषणों की बरामदगी की जाएगी और अन्य संभावित वारदातों के लिए भी कार्रवाई की जाएगी।

मामला तब सामने आया था जब दुकानदार उमेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके सेक्टर-6 स्थित कबाड़ी मार्केट में दुकान का शटर टूटा मिला और सोने-चांदी के आभूषण एवं नकद राशि चोरी हो गई थी। यह मामला बहादुरगढ़ पुलिस और साइबर सेल की मदद से मिलकर सुलझाया गया। सीसीटीवी और तकनीकी जांच की मदद से इस अंतरराज्यीय गिरोह की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है। पुलिस अब बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए भी अभियान जारी रखे हुए है।

## अर्थव्यवस्था दबाव में, रिकॉर्ड स्तर पर घाटा और कर्जः हुड्डा

समर न्यूज | रोहतक

लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्र सरकार और प्रस्तावित केंद्रीय बजट 2026 को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व दबाव में है और बीते नौ वर्षों में ऐसे नकारात्मक आर्थिक रिकॉर्ड बने हैं, जो आजादी के बाद 78 वर्षों में कभी नहीं देखे गए। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार नौवां बजट पेश करने जा रही हैं, लेकिन इसी दौरान रुपये के अवमूल्यन, बढ़ते व्यापार घाटे और आर्थिक असमानता जैसे गंभीर संकेत सामने आए हैं। दीपेंद्र हुड्डा के मुताबिक डॉलर के मुकाबले रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच चुका है, जबकि देश का व्यापार घाटा बढ़कर 41.7 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आज देश की कुल संपत्ति का करीब 40 प्रतिशत और आय



का 65 प्रतिशत हिस्सा केवल 1 प्रतिशत सबसे अमीर वर्ग के पास केंद्रित है, जो सामाजिक संतुलन के लिए खतरनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में बड़े कॉर्पोरेट घरानों के करीब 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए गए, जबकि आम जनता, किसान और युवा बेरोजगारी व महंगाई से जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकारों पर कुल कर्ज जीडीपी के 82 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और सरकारी नौकरियों में लगातार कटौती हो रही है। शुक्रवार को गांव किलोई, रुड़की, मुंगान और आसन में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्होंने खिलाड़ियों, श्रमिकों और किसानों के अधिकारों की आवाज मजबूती से उठाने की बात कही।

**बदलाव** आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा, सूरजकुंड शिल्प मेला जाएगा ऑनलाइन

## सूरजकुंड मेले का ऑनलाइन विस्तार

समर न्यूज | फरीदाबाद

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला का डिजिटल विस्तार करने की घोषणा की है। इस पहल से शिल्पकार अब केवल मेले के दौरान ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को ऑनलाइन वैश्विक स्तर पर बेच सकेंगे। यह कदम आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देगा और ग्रामीण कारीगरों की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगा। सूरजकुंड मेले के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सचिव डा. श्रीवत्स कृष्ण ने बताया कि यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिल्पकारों के हुनर को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाने का अवसर देगा। उन्होंने कहा, "सूरजकुंड मेला केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे पारंपरिक शिल्पकारों के लिए एक ग्लोबल लॉन्च पैड है। डिजिटल विस्तार से उनका बाजार अब पूरी दुनिया तक पहुंचेगा।



पर्यटन मंत्रालय के सचिव जानकारी देते हुए। - समर न्यूज

इस अवसर पर आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल, पर्यटन निगम के निदेशक पार्थ गुप्ता, और सूचैना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल भी मौजूद रहे। केंद्रीय सचिव ने बताया कि मेले की अवधि को भविष्य में दो सप्ताह से बढ़ाकर चार सप्ताह करने पर विचार किया जा रहा है। इससे न केवल मेले में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए शिल्पकारों की बिक्री भी अधिकतम होगी। डा. श्रीवत्स ने पर्यटकों से अपील की कि वे 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सार्थक करें और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीदारी करें। उनका कहना था कि इस पहल का उद्देश्य शिल्पियों को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना और केवल हस्तनिर्मित, पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देना है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से कारीगर सालभर अपने उत्पाद बेच सकेंगे, जिससे ग्रामीण कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान और स्थायी आय का अवसर मिलेगा।

## आरबीआई आंकड़ों पर युवा कांग्रेस बोली, कर्ज में डूबा हरियाणा

समर न्यूज | बहादुरगढ़

युवा कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों के आधार पर हरियाणा सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने कहा कि आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा देश के शीर्ष 10 सबसे अधिक कर्ज वाले राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने करीब 94 हजार करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जिसमें से लगभग 27 प्रतिशत यानी करीब 25 हजार करोड़ रुपये केवल कर्ज के ब्याज भुगतान में खर्च हो गए। इससे विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिना दीर्घकालिक योजना के कर्ज लिया और राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों के बजाय गैर-जरूरी खर्चों में किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी बढ़ रही है, जबकि सरकार की प्राथमिकताएं गलत दिशा में हैं।

## गुरुग्राम और मानेसर में कचरा नियमों की अनदेखी

### मिश्रित कूड़े से लैंडफिल पर बढ़ा दबाव

समर न्यूज | गुरुग्राम

केंद्र सरकार के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद गुरुग्राम और मानेसर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था अब तक पटरी पर नहीं आ सकी है। दोनों नगर निगम क्षेत्रों में घरों से निकलने वाला कूड़ा आज भी बिना छंटनी के सीधे लैंडफिल साइटों तक पहुंच रहा है, जिससे डंपिंग स्थलों पर दबाव बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। सरकार ने कचरे को गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष श्रेणी में अलग-अलग रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन नियमों का पालन बेहद कमजोर है। आंकड़ों के अनुसार, गुरुग्राम से रोजाना करीब 1200 टन और मानेसर से लगभग 200 टन कचरा निकलता है। इसका अधिकांश हिस्सा बिना सेग्रीगेशन के सीधे बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर डाला जा रहा है। इससे लैंडफिल की क्षमता तेजी से घट रही है और प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि गीले कचरे की स्रोत पर ही कंपोस्टिंग और सूखे कचरे की रीसाइक्लिंग की जाए, तो लैंडफिल तक पहुंचने वाले कचरे में भारी कमी आ सकती है। मानेसर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार ने बताया कि कचरे को अलग-अलग रखना नागरिकों की जिम्मेदारी है। डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली एजेंसियों को नियम सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बंधवाड़ी लैंडफिल पर हर माह करीब 60 हजार टन मिश्रित कचरा पहुंच रहा है, जबकि वहां पहले से ही लगभग 15 लाख टन कूड़ा जमा है। यदि हालात नहीं सुधरे तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

# सीएम के निर्देश, तीन महीने में पूरे हों 27,898 ग्रामीण प्रोजेक्ट

## प्रदेश में विकास कार्यों पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग लागू

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण विकास कार्यों को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशभर में लंबित पड़ी 27,898 ग्रामीण विकास परियोजनाओं को तीन महीने के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का मजबूत होना सरकार की प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं में ग्रामीण सड़कों का निर्माण, हैंडपंप और पेयजल योजनाएं, नालियों की मरम्मत, सामुदायिक भवनों का निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। - समर न्यूज़

शामिल हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से गांवों में रहने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

सरकार ने कार्यों की प्रगति पर कड़ी नजर रखने के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत संबंधित विभागों से रोजाना प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी और जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इसकी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं में तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें आ रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तुरंत सुलझाया जाए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार का मानना है कि समयबद्ध तरीके से विकास कार्य पूरे होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से समन्वय के साथ काम करने और तय समय सीमा में परिणाम सुनिश्चित करने की अपील की है।

# जमीन के विवाद में 52 साल के युवक की हत्या

## पत्नी और बेटा गिरफ्तार

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

जिले के धर्मपुर उपमंडल में जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने 52 वर्षीय भीखम राम की मौत के मामले में उसकी पत्नी शकुंतला देवी और बेटे प्रवीण को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह घटना धर्मपुर उपमंडल के गांव भेड़ी-एक में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भूमि विवाद को लेकर परिवार के भीतर कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस दौरान भीखम राम को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि वीरवार रात भीखम राम के घर से झगड़े की आवाजें सुनाई दी थीं। अगले दिन सुबह उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया।

मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने जब मामले की गहन जांच की, तो जमीन विवाद के चलते मारपीट की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को पत्नी और बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की और आवश्यक साक्ष्यों के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि पत्नी और बेटे ने मिलकर भीखम राम के साथ मारपीट की थी। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में तनाव और शोक का माहौल है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# चिट्टा तस्करी के नेटवर्क का हुआ भंडाफोड़

शगुन | सोलन
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सोलन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। परवाणू क्षेत्र में शुरू हुई चिट्टा तस्करी की जांच में पुलिस ने पंजाब से इस अवैध नेटवर्क के मुख्य सरगना कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि 10 जनवरी को परवाणू टर्मिनल मार्केट से एक युवक को 10.47 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा गया। जांच आगे बढ़ी तो मोहाली से सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास 10 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह नशा कुलविंदर सिंह से खरीदता था। 30 जनवरी को मोहाली के सुहाना इलाके में दबिश देकर मुख्य तस्कर कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया। बैंक खातों की जांच में आरोपियों के बीच लाखों रुपये के लेन-देन के सबूत मिले। अब तक 20 ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद हुआ है और तीन आरोपी रिमांड पर हैं। पुलिस मामले में अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है।

# भाजपा ने बजट 2026 को बताया ऐतिहासिक

▪ हिमाचल को विकास और रोजगार की बड़ी सौगात

समर न्यूज़ | शिमला

**विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट 2026 : सुरेश कश्यप**



भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 12.2 लाख करोड़ के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और टियर-2/3 शहरों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों के लिए ईको-फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली घोषणाएं प्रदेश के लिए विशेष सौगात हैं।

**▪ हिमाचल को विकास, स्वास्थ्य और रोजगार का मजबूत बजट : डॉ. राजीव भारद्वाज**

भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने केंद्रीय बजट 2026-27 को हिमाचल प्रदेश के लिए विकास और अवसरों का बजट बताया। उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड केयर वर्कफोर्स योजना, मेडिकल टूरिज्म हब और आयुष सेक्टर को मजबूती देने वाले फैसले हिमाचल जैसे राज्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को रोजगार और प्रदेश को स्वास्थ्य पर्यटन में नई पहचान देगा।



**▪ आत्मनिर्भर भारत और MSME सशक्तिकरण का बजट : हर्ष महाजन**

भाजपा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि बजट 2026-27 आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने वाला बजट है। MSME ग्रोथ फंड, TREDS प्लेटफॉर्म और टियर-2/3 शहरों में उद्यमिता समर्थन से हिमाचल के छोटे उद्योगों और युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।



# विकसित भारत व युवा आकांक्षाओं की सिद्धि का बजटः अनुराग ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2026-27 को विकसित भारत और युवा आकांक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित तथा समावेशी बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आर्थिक संप्रभुता, रोजगार, विकास और सामाजिक सुरक्षा के लक्ष्यों को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करेगा तथा गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को 11.2 लाख करोड़ से बढ़ाकर 12.2 लाख



करोड़ रुपये किए जाने को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए निर्णायक बताया। उन्होंने 'खेलो इंडिया मिशन' और एवीजीसी सेक्टर को बढ़ावा देने के प्रावधानों की भी सराहना की, जिससे खेल प्रतिभाओं, क्रिएटिव इंडस्ट्री और डिजिटल करियर को नई दिशा मिलेगी। अगले दशक में प्रशिक्षण केंद्रों, डिजाइन स्कूलों और कंटेंट क्रिएटर लैब्स के जरिए लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति इस बजट में झलकती है और यह देश को वैश्विक स्तर पर और मजबूत बनाएगा।

# हिमाचल प्रदेश सरकार देगी 31 करोड़ अनुदान

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश सरकार ने बंद पड़ी दिल्ली-शिमला और शिमला-धर्मशाला हवाई सेवाओं को पुनः शुरू करने का ऐलान किया है। राज्य सरकार एलाइंस एअर को सेवा संचालन के लिए सालाना 31 करोड़ रुपये का अनुदान देगी। शिमला-धर्मशाला मार्ग के लिए प्रति सीट किराया 3,000 रुपये तय किया गया है। दिल्ली-शिमला मार्ग के किराए का अनुमोदन केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे पर्यटन क्षेत्र मजबूत होगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों के उन्नयन के लिए 27 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

# चिंतपूर्णी में इनोवा कार ढलान पर लुढ़की

## गाड़ी तलवाड़ा बाईपास तक जाकर रुकी, किसी को नहीं आई चोट

राकेश | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

मां चिंतपूर्णी के मुख्य मार्ग पर पार्किंग में खड़ी श्रद्धालुओं की इनोवा कार अचानक ढलान की ओर लुढ़क गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। यह गाड़ी हरियाणा के कैथल से आए श्रद्धालुओं की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार होटल की पार्किंग में न्यूट्रल मोड पर खड़ी थी। ढलान होने के कारण यह अपने आप चल पड़ी और मुख्य मार्ग की ओर बढ़ गई। रास्ते में यह अनियंत्रित कार एक एक्टिवा और पास खड़ी एक अल्टो कार से टकरा गई।

हादसे में एक्टिवा पूरी तरह नष्ट हो गई, जबकि अल्टो कार को लगभग 40-50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। गाड़ी तलवाड़ा बाईपास मार्ग



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। - समर न्यूज़

तक जाकर रुकी। इसके बावजूद, इस हादसे के समय कोई राहगीर या श्रद्धालु मुख्य मार्ग पर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी चोट या जान-माल का नुकसान होने से बच गया।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल वाहन और आसपास के नुकसान का आकलन किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को भी नियंत्रित किया गया।

# बजट में हिमाचल की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्णः विक्रमादित्य सिंह

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज प्रस्तुत केंद्र के संघीय बजट पर गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आपदा-प्रभावित और पहाड़ी राज्य होने के बावजूद इस बजट में हिमाचल के लिए राजस्व घाटा अनुदान का प्रावधान न रखना अत्यंत चिंताजनक है। हाल के वर्षों में वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत हिमाचल को मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान लगातार घटा है और अब इसे व्यावहारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है, जबकि राज्य की वित्तीय स्थिति और आपदाओं से हुए भारी नुक़सान को देखते हुए सहयोग बढ़ाया जाना चाहिए था, कम नहीं। हिमाचल की अर्थव्यवस्था पहले ही गंभीर दबाव में है ऐसे समय में राजस्व घाटा अनुदान और विशेष पैकेज की अनुपस्थिति से सड़कों, पुलों, पेयजल, सिंचाई तथा पुनर्निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के कार्य सीधे प्रभावित होंगे और विकास



की रफ़्तार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। संघीय ढांचे की भावना के अनुरूप यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार पहाड़ी और आपदा-प्रभावित राज्यों की विशेष परिस्थितियों को समझे और राजनीतिक विचारों से ऊपर उठकर उन्हें समुचित वित्तीय सहायता प्रदान करे। केंद्र सरकार से मांग की कि हिमाचल प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान की बहाली, आपदा-पुनर्वास और बुनियादी ढांचे के लिए विशेष वित्तीय पैकेज पर तुरंत सकारात्मक पुनर्विचार किया जाए, ताकि राज्य पुनर्निर्माण और विकास के अपने दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभा सके और पहाड़ की अर्थव्यवस्था को स्थिर व सशक्त आधार मिल सके।

# बिजली ने सोलन में किया पशुधन तबाह

शगुन | सोलन
समर न्यूज़

सोलन-सुबाथू मार्ग के पास देवठी क्षेत्र में आज सुबह अचानक आसमानी बिजली गिरने से 55 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। घटना सुबह लगभग 3:45 बजे हुई, जब भेड़ पालक झुंड को बारिश से बचाने के लिए टैंट लगा रहे थे। सौभाग्य से तीन भेड़ पालक बाल-बाल बच गए। मृतक पशु किन्नौर जिले के भावा और चौरा निवासी पालकों के थे, जिनके पास कुल 650 भेड़-बकरियों का झुंड था। इस हादसे से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। स्थानीय प्रशासन ने मौके का मुआयना कर मुआवजे का आश्वासन दिया। विशेषज्ञों ने पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बिजली के समय विशेष सावधानी बरतने की चेतावनी दी।

# ऊना की थहड़ा पंचायत को मिलेगा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

## 2026 के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित, 23 मार्च को दिया जाएगा पुरस्कार

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की बंगाणा उपमंडल स्थित थहड़ा पंचायत ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। पंचायत को वर्ष 2026 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। पंचायत को यह सम्मान 23 मार्च 2026 को राष्ट्रीय मंच पर आयोजित समारोह में मिलेगा।

थहड़ा पंचायत को यह उपलब्धि डिजिटल सेवाओं, पारदर्शी प्रशासन और प्रभावी जनभागीदारी के लिए मिली है। पंचायत के कार्यों की पहले जिला पंचायत प्रदर्शन मूल्यांकन



समिति ने समीक्षा की, जिसके बाद राज्य स्तरीय समिति ने इसे पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार हाल ही में पंचायत में फील्ड वेरिफिकेशन भी पूरा किया गया, जिसमें डिजिटल कार्यप्रणाली और विकास कार्यों की सराहना की गई।

**▪ जन्म पंजीकरण से लेकर प्रमाणपत्र तक, सब कुछ ऑनलाइन**

पंचायत ने ई-गवर्नेंस को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया है। यहां जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीकरण, परिवार नकल, राशन कार्ड संशोधन, गृह कर भुगतान, मनरेगा जॉब कार्ड, रोजगार आवेदन, स्थायी निवासी प्रमाणपत्र, बेरोजगार, अविवाहित, जीवन और चरित्र प्रमाणपत्र जैसी अनेक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। इन डिजिटल सेवाओं से ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। पारदर्शी व्यवस्था के कारण भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी नियंत्रण हुआ है और प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और असहाय पेंशन से जुड़ी सुविधाएं भी अब डिजिटल माध्यम से दी जा रही हैं। इससे जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल रहा है और प्रक्रिया सरल हुई है।

**▪ पंचायत सचिव और अधिकारियों की प्रतिक्रिया**

पंचायत सचिव कमलदेव ने कहा कि यह सफलता पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। पंचायत ने हमेशा ईमानदारी, पारदर्शिता और डिजिटल सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्षेत्र में भी पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। खंड विकास अधिकारी केएल शर्मा ने इसे पूरे उपमंडल के लिए गर्व की बात बताया और कहा कि थहड़ा पंचायत की कार्यप्रणाली अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत है।

**▪ सतत विकास की मिसाल बनी थहड़ा पंचायत**

पंचायत में लोक मित्र केंद्र, सार्वजनिक शौचालय, तालाब, वन विभाग विश्राम गृह, भरथरी मंदिर में सराय, पांच आंगनबाड़ी केंद्र और डिजिटल कर भुगतान सुविधा जैसी योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों से पंचायत सतत विकास और सुशासन की मिसाल बनकर उभरी है।

# बजट 2026 में हिमाचल के साथ धोखा

मंडी| पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमाचल एनएसयूआई व युवा कांग्रेस के नेता यादोपति ठाकुर ने केंद्रीय बजट 2026 को हिमाचल प्रदेश के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि इसमें पहाड़ी राज्यों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा-संवेदनशील होने के बावजूद राज्य के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं रखा गया। ठाकुर ने कहा कि सेब उत्पादक, किसान, पर्यटन, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा को भी नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सांसदों की भूमिका पर सवाल उठाते



हुए इसे जनता से विश्वासघात करार दिया।

आयोजन | तकनीक, पर्यटन, हरित ऊर्जा और स्टार्टअप पर होगा मंथन

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेगी पर्यटन नगरी धर्मशाला

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी धर्मशाला एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। मार्च 2026 में यहां BRICS बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ब्रिक्स देशों के उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों और वैश्विक निवेशकों की भागीदारी होगी। इस आयोजन को हिमाचल प्रदेश के लिए निवेश, व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। BRICS बिजनेस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करना और नए निवेश अवसरों पर चर्चा करना है। इस सम्मेलन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को वैश्विक निवेश


धर्मशाला शहर। - समर न्यूज़

मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने की कोशिश की जाएगी।

कॉन्क्लेव के दौरान तकनीक, पर्यटन, कृषि, हरित ऊर्जा, स्टार्टअप, इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्माण क्षेत्र से जुड़े विषयों पर गहन मंथन होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस आयोजन से राज्य में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार और संबंधित विभागों द्वारा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। धरमशाला में विश्वस्तरीय सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। सरकार का फोकस इस कॉन्क्लेव के माध्यम से हिमाचल की पर्यटन क्षमता, प्राकृतिक संसाधनों और निवेश-अनुकूल नीतियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर रहेगा।

विशेषज्ञों के अनुसार BRICS बिजनेस कॉन्क्लेव से न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि हिमाचल को एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में नई पहचान भी मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय कारोबारियों को वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। धर्मशाला में होने वाला यह आयोजन हिमाचल प्रदेश के लिए आर्थिक, औद्योगिक और वैश्विक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# केंद्रीय बजट 2026 पर ऊना में भाजपा नेताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दौलतपुर चौक में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण देखा और इसे गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार बताया। इस अवसर पर गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बजट दूरदर्शी सोच का परिचायक है, जिसमें आधारभूत ढांचे, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। एमएसएमई, स्वास्थ्य, ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को लाभ देगा। कार्यकर्ताओं में बजट को लेकर उत्साह देखा गया।

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करने वाला सर्वस्पर्शी बजटः जयराम ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-25 को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य का मजबूत आधार स्तंभ और सर्वस्पर्शी बताते हुए इसकी सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लगातार 13वाँ और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 9वां बजट करार देते हुए इसे अमृत काल का 'अमृत-कलश' कहा, जो अर्थ से सामर्थ्य और अंत्योदय से अभ्युदय की दिशा में अग्रसर है। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए ईको-टूरिज्म के तहत 'ईको ट्रेल्स' विकसित करने की घोषणा उन्होंने क्रांतिकारी कदम बताया। शिमला स्थित भाजपा कार्यालय



में बजट का सीधा प्रसारण वरिष्ठ नेताओं के साथ सुनने के बाद ठाकुर ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत का ठोस ब्लूप्रिंट है। 7% की विकास दर और 12.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड बुनियादी ढांचा निवेश के साथ आईटी, सेमीकंडक्टर और स्वास्थ्य क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। 12.75 लाख रुपये तक की कर-मुक्त आय से मध्यम वर्ग को राहत मिली है। लखपति दीदी और 'महात्मा गांधी हैंडलूम' जैसी योजनाओं से नारी शक्ति और बुनकरों को वैश्विक बाजार से जोड़ा गया है। हिमाचल में माउंटेन ट्रेल और 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' जैसे प्रोजेक्ट पर्यटन, कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा और फार्मा हब को समर्थन देने के लिए एमएसएमई क्षेत्र में क्रेडिट गारंटी योजना और नई ऋण व्यवस्था लागू होगी। कृषि में डिजिटल बुनियादी ढांचे और प्राकृतिक खेती, साथ ही 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' से पहाड़ी क्षेत्रों के परिवारों को आर्थिक और ऊर्जा राहत मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान उत्थान, नारी शक्ति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित है और हिमाचल को पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम में अंत में उन्होंने संत शिरोमणि बाबा रविदास को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### हेरोइन की होम डिलीवरी में शामिल होने का शक, पुलिस खंगाल रही सप्लाई चेन

# संगीतकार और 22 वर्षीय युवती को पुलिस ने 15 ग्राम हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

चंडीगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हेरोइन तस्करी के आरोप में एक संगीतकार और एक युवती को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान संदीप उर्फ मोहम्मद सलमान (33) और 22 वर्षीय वंदना, निवासी गांव बलियाली (मोहाली) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, मालोया इलाके में गश्त के दौरान संदीप उर्फ मोहम्मद सलमान को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 7.16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी



पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। - समर न्यूज़

हेरोइन के स्रोत और उद्देश्य को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि पेशे से संगीतकार होने के चलते कहीं वह इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को नशा सप्लाई तो नहीं कर रहा था।

दूसरे मामले में पुलिस ने मोहाली के सेक्टर-74ए के पास गांव बलियाली की रहने वाली 22 वर्षीय वंदना को गिरफ्तार किया। उसके पास से 15.05 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वंदना 12वीं तक पढ़ी हुई बताई जा रही है। युवती की नशा तस्करी में संलिप्तता से पुलिस के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को शक है कि दोनों आरोपी हेरोइन की होम डिलीवरी में शामिल थे। इसी कड़ी में पुलिस इनके पूरे नेटवर्क का पता लगाने और सप्लाई चेन को तोड़ने में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## टैगोर थिएटर में 7 फरवरी को सजेगी संगीतमय संध्या

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

राघव ब्रदर्स द्वारा एआर मेलोडीज के सहयोग से आयोजित प्रसिद्ध संगीतमय कार्यक्रम 'सुरीला सफर' का भव्य आयोजन 7 फरवरी 2026 को शाम 4.30 बजे से सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में किया जाएगा। यह संगीतमय संध्या दिवंगत ओपी राघव की पुण्य स्मृति को समर्पित होगी। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निशुल्क रहेगा। आयोजकों के अनुसार ट्राईसिटी और आसपास के राज्यों से 40 से अधिक युवा एवं प्रतिभाशाली गायक बॉलीवुड के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं जितेंद्र मल्होत्रा, संजय टंडन और अरुण सूद को औपचारिक निमंत्रण दिया है। संगीत संयोजन डॉ. अरुण कांत करेंगे, जबकि मंच संचालन एंकर शैली तनेजा करेंगी। संगीत प्रेमियों के लिए यह संध्या यादगार अनुभव बनने की उम्मीद है।

# पुलिस ने ऑपरेशन नाइट डोमिनेशन किया शुरू

### 31 नाके लगाकर रात के वक्त निकाला गया फ्लैग मार्च



पुलिस जांच करती हुई। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | मोहाली**

कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मोहाली पुलिस ने जिले भर में ऑपरेशन नाइट डोमिनेशन की शुरुआत की। यह अभियान सभी पुलिस उप-मंडलों में चलाया गया, जिसमें व्यस्त बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों को विशेष रूप से कवर किया गया। ऑपरेशन के तहत राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों (एसएचओ) के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने रातभर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर कुल 31 नाके लगाए गए, जबकि नागरिकों में सुरक्षा का एहसास बढ़ाने और संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए रात के समय फ्लैग मार्च भी निकाले गए।

एसएसपी एसएएस नगर, हरमनदीप सिंह हंस, आईपीएस ने बताया कि ऑपरेशन नाइट डोमिनेशन जिला पुलिस की सतत और सक्रिय रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शांति और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाना, रात के समय पुलिस की दृश्यता बढ़ाना और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रण में रखना है। एसएसपी ने आगे कहा कि अपराध की रोकथाम और जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए कि मोहाली पुलिस हर समय सतर्क और उनकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, ऐसे विशेष अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में: पायल सिंह

**समर न्यूज़ | पंचकूला**



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी पायल सिंह ने केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट दूरदृष्टि, संतुलन और समावेशी विकास की सोच के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट देश को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बुलेट ट्रेन की गति से आगे ले जाएगा।

पायल सिंह ने बताया कि बजट में किसान, श्रमिक, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों का संतुलित ध्यान रखा गया है। एमएसएमई सेक्टर, फार्मा उद्योग और कपड़ा निर्माण को बढ़ावा देने के साथ रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है। कैंसर दवाओं और उपचार उपकरणों पर ड्यूटी में कटौती से मरीजों को राहत मिलेगी। उन्होंने बजट में आयुर्वेद के लिए एम्स स्तर के संस्थान की घोषणा को ऐतिहासिक कदम बताया, जिससे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को वैश्विक पहचान मिलेगी। नए फ्रेट कॉरिडोर और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर देने से लॉजिस्टिक्स मजबूत होगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पायल सिंह ने कहा कि बजट राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत और समावेशी विकास की मजबूत नींव रखता है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत लगाया गया प्रशिक्षण

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

जिला पंचकूला में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के कुल 550 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, माय भारत एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 2 फरवरी तक माय भारत के स्वयंसेवकों को संयुक्त प्रशिक्षण संस्थान, होम गार्ड एवं सिविल डिफेंस, हरियाणा, मोगीनंद में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार



प्रशिक्षण के दौरान आग बुझाते हुए छात्र। - समर न्यूज़

तथा आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर राज्य आपदा मोचन बल के माध्यम से स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं राहत कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन पंचकूला के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय समाज के लिए सक्षम एवं जिम्मेदार स्वयंसेवक के रूप में तैयार करना है।

# बरवाला में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान का किया आयोजन



स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान चलाते हुए। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

राजकीय महाविद्यालय, बरवाला, पंचकूला में आयोजित सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन एनएसएस शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन मलिक एवं शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. राज दलाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस के मूल मंत्र मैं नहीं, आप को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा कहा कि यही भावना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में श्रमदान कर साफ-सफाई की। अभियान के दौरान झाड़ू, फावड़ा आदि उपकरणों की सहायता से कूड़ा-कचरा एकत्र कर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। स्वयंसेवकों ने लोगों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान स्वयंसेवकों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं अनुशासन को मजबूत करने वाला रहा, जिसकी महाविद्यालय परिवार द्वारा सराहना की गई।

# केंद्रीय बजट भविष्य में तरक्की की उम्मीदों को करेगा मजबूत : पीएचडीसीसीआई

### एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर व इनोवेशन को बढ़ावा देने से बढ़ेंगे रोजगार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने भविष्य में तरक्की की उम्मीदों को मजबूत करने वाला बजट करार दिया है। पीएचडीसीसीआई के चंडीगढ़ चैप्टर के चेयर रजनीश बंसल ने भरोसा जताया कि बजट में वित्तीय समझदारी से इंडस्ट्री की भावना और निवेशकों का भरोसा काफी मजबूत होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस करने से बिजऩेस और रोजग़ार पैदा करने के नए अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने इंडस्ट्री के फीडबैक को शामिल करने के लिए सरकार के सलाह-मशविरे वाले तरीके की भी तारीफ की। पीएचडीसीसीआई हरियाणा स्टेट चैप्टर के चेयरमैन सतीश देव जैन ने कहा कि केंद्रीय बजट दूरदर्शी विजऩ पेश करता है जो हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी में हरियाणा की ताकतों के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है। बायोफार्मा, एमएसएमई ग्रोथ और कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस से हरियाणा के मज़बूत इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को काफी फायदा होगा। पंजाब स्टेट चैप्टर के चेयर करण गिल्होत्रा ने बताया कि यूनियन बजट 2026 ग्रोथ, फिस्कल समझदारी और इनक्लूसिव डेवलपमेंट के प्रति सरकार के बैलेंस्ड अप्रोच को दिखाता है। कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ करना भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम है, जिसका सीधा फायदा पंजाब को होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 10,000 करोड़ के एसएमई ग्रोथ फंड के जरिए चैंपियन एमएसएमई फोकस एक गेम-चेंजर है, जिससे पंजाब की लाइट इंजीनियरिंग और साइकिल इंडस्ट्री को बहुत बढ़ावा मिलेगा। पीएचडीसीसीआई की सीनियर रीजनल डायरेक्टर भारती सूद ने एमएसएमई इकोसिस्टम को मज़बूत करने पर फोकस करने के लिए केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत किया। उन्होंने एमएसएमई, खासकर टियर-टू और टियर-थ्री क्षेत्रों में, किफायती रेगुलेटरी और कंप्लायंस सहायता प्रदान करके कॉर्पोरेट मित्रा पहल को एमएसएमई को स्पोर्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# गुरु रविदास जयंती पर सनातन टास्क फोर्स ने दी श्रद्धांजलि

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर सनातन टास्क फोर्स की टीम ने सेक्टर-16 लेबर चौक पर गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट गर्वेश राणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सनातन टास्क फोर्स मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने संत रविदास जी के विचारों को आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

एडवोकेट गर्वेश राणा ने कहा कि संत रविदास जी ने समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया, जिसे अपनाकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी 36 बिरादरी के लोगों से एक मंच पर आकर सनातन धर्म, गौ माता और देश की रक्षा के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। इस अवसर



सम्मानित कते हुए एसटीएफ के सदस्य। - समर न्यूज़

पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने सनातन धर्म, गौ सेवा और राष्ट्र रक्षा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## पीजीआई को बजट 2026-27 में 2559.65 करोड़ रुपये आवंटित

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

केंद्र सरकार के बजट 2026-27 में पीजीआईएमईआर को कुल 2559.65 करोड़ रुपए मिलेंगे, जो पिछले साल के संशोधित बजट अनुमान से 141.79 करोड़ रुपए अधिक है। इस बढ़ोतरी से अस्पताल बेहतर इलाज, रिसर्च और नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेगा।

मुख्य खर्च के हिस्से इस प्रकार हैं: सैलरी और सामान्य खर्चों के लिए ग्रांट-इन-एड 1450 करोड़ रुपए, सामान्य खर्चों के लिए 550 करोड़ रुपए, नई संपत्ति निर्माण के लिए 390 करोड़ रुपए और विशेष प्रोग्राम (SAP) के लिए 10 करोड़ रुपए।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रारंभिक आवंटन है और साल के अंत में सप्लीमेंट्री ग्रांट्स से और राशि मिल सकती है, जो अस्पताल के नए कामों और खर्चों के अनुसार तय होगी।

**आयोजन** | कीर्तनीय जत्थों ने अपनी हाजिरी भरी और संगत को गुरुबाणी से जोड़ा

# पहाड़ी गेट गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया गुरु रविदास जी का जन्मदिन

**जसबीर सिंह | डेराबस्सी**
**समर न्यूज़**

डेराबस्सी के पहाड़ी गेट स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु रविदास जी का 649वां जन्म दिवस बहुत ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू पंजाब ओबीसी मोर्चे के उप प्रधान रविंद्र वैष्णव भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन पम्मा ने गुरूद्वारे में माथा टेका और गुरु जन्मदिवस की बधाई दी।

गुरुद्वारा साहिब को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था और सुबह से ही संगत माथा टेकने के लिए पहुंची धार्मिक समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया।

इस दौरान मशहूर कीर्तनीय जत्थों



भाजपा नेता को सम्मानित करते हुए गरूद्वारे कमेटी के सदस्य। - समर न्यूज़

ने अपनी हाजिरी भरी और संगत को गुरुबाणी से जोड़ा। भाई जसवीर सिंह, नवनीत कौर और गुरमीत कौर ने अपनी मधुर आवाज में शब्द-कीर्तन करके संगतो को निहाल किया।

इसके बाद भाई बलविंदर सिंह रंगीला और राजपुरा से आए भाई निर्मल प्रीत सिंह के जत्थों ने बहुत ही सुंदर कीर्तन किये, जिसे सुनकर। रागी जत्थों ने गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान किया और उनके बताए हुए सच्चाई और नेक कमाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

समागम के दौरान गुरुद्वारा कमेटी और सेवादारों ने आए हुए श्रद्धालुओं के लिए बैठने और अन्य सुविधाओं का बहुत अच्छा प्रबंध किया हुआ था। कीर्तन की समाप्ति के बाद गुरु के चरणों में अरदास की गई और सभी की सुख-शांति की कामना की गई। अरदास के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर लगाया गया।

सभी संगतो ने बड़ी श्रद्धा के साथ एक पंगत में बैठकर लंगर ग्रहण किया। संगत ने बड़ी संख्या में अपनी हाजिरी गुरु चरणों में लगाई। शाम तक गुरुद्वारा साहिब में रौनक बनी रही और सभी ने गुरु रविदास जी के शांति और भाईचारे के संदेश को याद किया।



# वात दोष बिगड़ने से बढ़ती हैं शरीर की परेशानियां अपनाएं आयुर्वेद के पांच आसान तरीके

समर न्यूज़ | मोहाली



आयुर्वेद में शरीर को संतुलित करने के लिए तीन दोषों-वात, पित्त और कफ का संतुलन जरूरी होता है। ये तीनों दोष शरीर के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन आज हम वात दोष के बारे में जानेंगे कि शरीर में इसे कैसे संतुलित किया जा सकता है।

आयुर्वेद में वात दोष को 'वायु और आकाश' से जोड़ा गया है, जो हमारे शरीर में ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा वात दोष का असंतुलन शरीर में गति, संचार, श्वास, हृदय गति, त्वचा, बालों और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। वात दोष को संतुलित करने के लिए आयुर्वेद में बहुत सारे तरीके बताए गए हैं, जिसमें पहला है स्नेहपान यानी तेल का सेवन। बढ़े हुए वात को शांत करने के लिए तिल के तेल का सेवन करना चाहिए। तिल का तेल तासीर में गर्म होता है और शरीर की वायु यानी वात को संतुलित करने में मदद करता है। इसका सेवन खाने में मिलाकर किया जा सकता है।

दूसरा तरीका है अभ्यंग करना। वात का सीधा संबंध रुखेपन से है। अगर शरीर में वात असंतुलित है तो बालों से लेकर त्वचा में रुखापन बढ़ जाता है। ऐसे में किसी भी तेल से किया गया अभ्यंग त्वचा को गहराई से पोषण देने का काम करता है। अगर पूरे शरीर पर तेल नहीं लगा सकते हैं तो सिर, पैर और कानों के पीछे जरूर लगाएं। ये तंत्रिका-तंत्र को एक्टिव करने का काम करता है।

तीसरा है स्वेदन। स्वेदन का मतलब है पसीना लाना। वात तभी संतुलित रहता है, जब शरीर से पसीना विषाक्त पदार्थों के साथ बाहर आता है। ऐसे में एक्सरसाइज के जरिए या भी योग के जरिए पसीना लाने की कोशिश करें। इससे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह भी होगा।

चौथा है अच्छा आहार। वात को संतुलित करने के लिए आहार में तीन रस शामिल होने जरूरी हैं, जिनमें खट्टा, मीठा और लवण यानी नमकीन शामिल हैं। ये तीन रस वात को संतुलित करने में मदद करते हैं। ध्यान रहे कि खाना गरम-गरम ही खाएं और खाने में ये तीनों रस मौजूद हों।

पांचवां है वेष्टन यानी पट्टी बांधना। शरीर में जब वात की वृद्धि होती है, हड्डियों से जुड़े रोग परेशान करते हैं। ऐसे में जिस हिस्से पर सबसे ज्यादा दर्द हो वहां गर्म पट्टी बांधें। ये दर्द में आराम दिलाने के साथ वात का शमन करेगा।

# विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका की हार

## एलेना रायबाकिना ने जीता पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब

समर न्यूज़ | मेलबर्न



ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेना रायबाकिना ने आर्यना सबालेंका को हराकर विमेंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। 26 वर्षीय कजाख खिलाड़ी ने चैंपियनशिप मैच में 6-4, 4-6, 6-4 से जीत हासिल की। यह मुकाबला 2 घंटे 18 मिनट तक चला। यह एलेना रायबाकिना का पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब और दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था। इस जीत के साथ रायबाकिना ने 2023 के फाइनल में बेलारूसी खिलाड़ी से मिली हार का बदला लिया, जहां उन्होंने पहला सेट जीतने के बाद तीन सेट में हार का सामना किया था। पिछले सीजन में रायबाकिना किसी भी ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर भी किसी फाइनल में जगह नहीं बना सकी थीं।

2022 में विंबलडन जीतने के बाद रायबाकिना अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में थीं। वह शनिवार तक तक मेलबर्न पार्क में एक भी सेट नहीं हारी थीं। रायबाकिना ने सेट 6-4 से अपने नाम किया, जिसके बाद सबालेंका ने दूसरे सेट को अपने नाम करते हुए मैच को तीसरे सेट के निर्णायक मुकाबले में पहुंचा दिया।

'डब्ल्यूटीए' की रिपोर्ट के अनुसार, सबालेंका ने फाइनल सेट की शुरुआत अपनी सर्विस होल्ड करके की और फिर रायबाकिना की सर्विस पर एक और अहम ब्रेक लिया। इस बीच कजाख खिलाड़ी की सर्विस में ताकत कम होती दिख रही थी, और रायबाकिना की सिर्फ 54 प्रतिशत पहली सर्विस ही सही जगह पर गिरीं। उन्होंने ब्रेक हासिल करने के लिए दो बैकहैंड विनर्स लगाए और तीसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद अपनी सर्विस होल्ड की और चेंजओवर से पहले 3-0 की बढ़त बना ली।

रायबाकिना ने सबालेंका की सर्विस तोड़कर मैच को फिर से अपने पक्ष में किया और 3-2 से पीछे होने के बाद स्कोर बराबर कर 3-3 कर दिया। इसके बाद अपने सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बावजूद उन्होंने संयम दिखाया और गेम जीत लिया।

इसके बाद सबालेंका का फोरहैंड नेट में चला गया, जिसके साथ 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स (रियाद) की चैंपियन रायबाकिना ने मैच का अपना तीसरा ब्रेक हासिल किया। सर्विस होल्ड कर 5-3 की बढ़त बनाने के बाद रायबाकिना खिताब से सिर्फ एक गेम दूर थीं। आखिरी गेम में उन्होंने ऐस लगाकर मुकाबला अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी के साथ पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीत लिया।

# विदेशी खिलाड़ियों के साथ अभ्यास खेल की समझ बढ़ाता है

एजेंसी | नोएडा



महाराष्ट्र केसरी की मनीषा भानवाला को दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ प्रो रेसलिंग लीग 2026 सेमीफाइनल के दौरान 57 किग्रा महिला कैटेगरी में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। अपनी टीम की हार के बावजूद, 28 साल की मनीषा ने कहा कि लीग बहुत कीमती है। यह एक्सपोजर और सीखने के मौके देती है। इससे भारतीय पहलवानों को एशियन गेम्स और ओलंपिक जैसे बड़े वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी करने में मदद मिलेगी। मनीषा ने एशियन गेम्स और ओलंपिक्स जैसे ग्लोबल इवेंट्स की तैयारी में प्रो रेसलिंग लीग की अहमियत पर आईएएनएस से कहा, "जब भी इंडिया में कोई मुकाबला होता है, तो हम सबके खिलाफ खेलते हैं, और इससे बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। हम विदेशी खिलाड़ियों से भी बहुत कुछ सीखते हैं क्योंकि जब हम विदेश जाते हैं, तो वे ही हमारे सामने विपक्षी होते हैं। उनके साथ अभ्यास करने से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि क्या करना है और कैसे करना है।" उन्होंने कहा, "इस लीग में खेलने से हमें अपनी गलतियां पहचानने में मदद मिलती है और हमें यह आइडिया मिलता है कि हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है। यह लीग बहुत फायदेमंद है।"

अनुभवी और शीर्ष विदेशी पहलवानों के साथ रहने और उनसे सीखने के सवाल पर भानवाला ने कहा, "ऐसी कई चीजें हैं जो हम नहीं जानते, और हम उनसे सीखते हैं। हम समझते हैं कि किसके लिए क्या सबसे अच्छा काम करता है, इसलिए उनके साथ रहना बहुत फायदेमंद है। सब लोग साथ रहते हैं और साथ में खाना भी खाते हैं, जो अच्छा लगता है।"

मैच के परिणाम के बारे में उन्होंने कहा कि शायद हम अनलकी थे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स नोएडा इंडोर स्टेडियम में एक करीबी मुकाबले वाले सेमीफाइनल में महाराष्ट्र केसरी को 5-4 से हराकर फाइनल में पहुंच गई।

# फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर मोरिंगा

## पेट की चर्बी और बढ़ता वजन घटाने में कारगर है मोरिंगा, आयुर्वेद भी मानता है इसे रामबाण

समर न्यूज़ | लुधियाना



आज के दौर में बढ़ता वजन और पेट की चर्बी शरीर में कई तरह की बीमारियों को न्योता देती है। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हृदय संबंधी समस्याएं अक्सर लोगों में देखने को मिलती हैं।

ज्यादातर लोग स्लिम और फिट रहने के लिए घंटों जिम में पसीना बहाते हैं, लेकिन हर किसी को इसका लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे में कुछ प्राकृतिक उपाय हैं, जो वजन घटाने में मदद करते हैं। इनमें से एक है मोरिंगा, जिसे आयुर्वेद में सहजन के नाम से जाना जाता है। यह हर उम्र के लोगों के लिए पेट की चर्बी कम करने का सुरक्षित तरीका है।

आयुर्वेद के अनुसार, मोरिंगा वात और कफ दोष को संतुलित करता है और पाचन को तेज बनाता है। विज्ञान भी मानता है कि मोरिंगा में एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं, जो शरीर से टॉक्सिन्स निकालने, मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और अतिरिक्त चर्बी घटाने में मदद करते हैं।

मोरिंगा के पत्ते शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करते हैं, जिससे भोजन जल्दी पचता है और शरीर उसे ऊर्जा में बदल देता है। इसके नियमित सेवन से शरीर की कैलोरी घटाने की क्षमता बढ़ती है और पेट की चर्बी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

मोरिंगा में प्राकृतिक रूप से फाइबर मौजूद होता है। फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे भूख कम लगती है। इससे हर कुछ मिनटों में खाने की आदत में बदलाव आता है। आयुर्वेद में भी फाइबर को पाचन और आंतों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी माना गया है, क्योंकि यह भोजन को आसानी से पचाने में मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है।

कई बार शरीर में अतिरिक्त पानी और टॉक्सिन्स जमा हो जाते हैं, जिससे शरीर भारी और सूजा हुआ महसूस होता है। मोरिंगा प्राकृतिक रूप से शरीर से पानी और हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।

यह न केवल सूजन कम करता है बल्कि बॉडी को हल्का और ताजगी भरा भी बनाता है। आयुर्वेद इसे शरीर की सफाई के लिए महत्वपूर्ण मानता है क्योंकि यह शरीर को अंदर से डिटॉक्स करता है।

बढ़ता वजन अक्सर शुगर लेवल की समस्या के साथ जुड़ा होता है। मोरिंगा के पत्ते रक्त में शुगर के स्तर को स्थिर रखने में मदद करते हैं। यह उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है, जो वजन घटाते समय मीठे की क्रेविंग से परेशान रहते हैं।

वजन घटाने के दौरान अक्सर कमजोरी महसूस होती है, क्योंकि कैलोरी कम होती है और शरीर थक जाता है। मोरिंगा में दूध से ज्यादा कैल्शियम और संतरे से ज्यादा विटामिन सी मौजूद होता है, जो शरीर में ऊर्जा और स्टैमिना बनाए रखता है। इसका सेवन करने से आप दिनभर ताजगी महसूस करते हैं और थकान कम होती है।

मोरिंगा ड्रिंक बनाने के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच मोरिंगा पाउडर या मुट्ठी भर ताजे पत्ते डालकर उबाल लें। इसमें थोड़ी देर के लिए नींबू का रस मिलाएं और आवश्यकता अनुसार शहद डालकर हल्का गुनगुना करके पिएं। इसे सुबह खाली पेट पीना सबसे फायदेमंद माना जाता है।

# हाफ मैराथन के आयोजन के लिए भारतीय नौसेना का धन्यवाद देना चाहती हूं : साइना

एजेंसी | नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन नेवी हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर नेवी प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश भी मौजूद रहे। नेवी प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय नेवी ने दूसरी बार हाफ मैराथन का आयोजन किया है और यह इसका दिल्ली एडिशन था। उन्होंने कहा कि नेवी लंबे समय से अपने प्रमुख स्टेशनों पर इस तरह के फिटनेस आयोजनों का आयोजन करती रही है। उनका उद्देश्य अधिकारियों और जवानों को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि पहले हाफ मैराथन में जहां 10 हजार से अधिक धावक शामिल हुए थे, वहीं इस बार 13,500 से ज्यादा धावकों ने भाग लिया। एडमिरल त्रिपाठी के अनुसार इस मैराथन में हर आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। सबसे उम्रदराज धावक की उम्र 87 वर्ष से अधिक थी, जबकि छोटे बच्चे भी पूरे जोश के साथ दौड़ते नजर आए। इसके अलावा 24 देशों के 88 अंतरराष्ट्रीय धावकों की भागीदारी के साथ यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन गया है। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भारतीय नेवी को इस उच्चस्तरीय आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के तहत देशभर में हो रहे ऐसे कार्यक्रम लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वहीं, पी. श्रीजेश ने कहा कि भारत में फिटनेस को लेकर माहौल तेजी से बदल रहा है और सेना के तीनों अंग इस दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# पीठ दर्द की बड़ी वजह बनती स्लिप डिस्क आयुर्वेद में वात दोष को माना गया कारण



एजेंसी | नई दिल्ली

आजकल पीठ दर्द की शिकायत बहुत आम हो गई है और इसका सबसे बड़ा कारण बन रहा है स्लिप डिस्क। आयुर्वेद में इसके पीछे के कारण और उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया है। आसान शब्दों में कहें तो हमारी रीढ़ की हड्डियों के बीच की इंटरवर्टिब्रल डिस्क कभी-कभी अपनी जगह से खिसक जाती है या दब जाती है, जिससे नसों पर दबाव पड़ता है। इसका असर पीठ और पैरों में दर्द, झनझनाहट या कमजोरी के रूप में दिखता है। आयुर्वेद इसे कटिग्रह या कटिशूल जैसी अवस्थाओं से जोड़ता है और इसके कारणों को शरीर की दोष संरचना से समझता है। स्लिप डिस्क अक्सर गलत आदतों और जीवनशैली की वजह से होती है। लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठना, खासकर कंप्यूटर या मोबाइल पर काम करते हुए, रीढ़ की हड्डियों पर दबाव डालता है। भारी सामान उठाते समय गलत तरीके से उठाना भी डिस्क को खिसकने पर मजबूर कर सकता है। उम्र बढ़ने के साथ डिस्क का प्राकृतिक रूप से कमजोर होना, मोटापा और शरीर पर अतिरिक्त भार, चोट या झटका और मांसपेशियों की कमजोरी जैसी बातें इसे और बढ़ा देती हैं। आयुर्वेद में इसका कारण वात दोष का असंतुलन माना जाता है। वात दोष जब बढ़ता है, तो शरीर की लचक और सहनशीलता कम हो जाती है। इसी वजह से रीढ़ की हड्डियां और डिस्क कमजोर हो जाती हैं। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से इसे सुधारने के लिए केवल दर्द कम करना ही नहीं, बल्कि शरीर की लचीलापन और मांसपेशियों को मजबूत करना भी जरूरी है। बचाव के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। लंबे समय तक बैठने से बचें और हर 30-40 मिनट पर थोड़ा चलें। नियमित हल्का व्यायाम, स्ट्रेचिंग, योग और प्राणायाम जैसे भुजंगासन, मकरासन और शवासन रीढ़ को मजबूत और स्थिर रखते हैं। आयुर्वेदिक तेल मालिश और गर्म सिकाई भी मांसपेशियों को आराम देती हैं और नसों पर दबाव कम करती हैं।

# सूर्यकुमार यादव ने तिलक वर्मा की फिटनेस पर दिया अपडेट

समर न्यूज़ | तिरुवनंतपुरम

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के दो अहम खिलाड़ियों तिलक वर्मा और वाशिंगटन सुंदर की फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट दिया। टी20 विश्व कप से पहले दोनों खिलाड़ियों की फिटनेस भारतीय टीम के लिए अहम मानी जा रही है। सूर्यकुमार यादव ने बताया कि बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। तिलक वर्मा टी20 सीरीज की शुरुआत से ठीक पहले घरेलू क्रिकेट खेलते समय चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उनका एक छोटा ऑपरेशन भी हुआ था। वह पिछले करीब एक महीने से क्रिकेट से दूर हैं। उनकी फिटनेस पर बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, "तिलक अच्छी तरह से फिट हो रहे हैं। मैंने सुना है कि वह मुंबई में 2 और 4 फरवरी को दो मैच खेलने वाले हैं। मुझे लगता है कि दो मैच काफी होंगे। मैंने उनसे कल ही बात की थी। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों शुरू कर दी है और उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ेंगे।" वहीं ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को लेकर सूर्यकुमार ने कहा कि वह भी तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। "वाशी से भी मेरी बात हुई है। उसने गेंदबाजी और बल्लेबाजी शुरू कर दी है। वह अच्छा दिख रहा है और उम्मीद है कि वह भी जल्द वापसी करेगा," कप्तान ने कहा।

# पेट, त्वचा और जोड़ों के लिए फायदेमंद वरुण मुद्रा

## जानें अभ्यास से क्या परिवर्तन आते हैं

समर न्यूज़ | पंचकूला



आज के समय में देर रात तक मोबाइल स्क्रीन, अनियमित खानपान, कम पानी पीने की आदत और तनाव ने लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसका असर सबसे पहले त्वचा, पेट और जोड़ों पर दिखाई देता है। कभी स्किन जरूरत से ज्यादा रूखी हो जाती है, तो कभी पेट साफ नहीं रहता, गैस और एसिडिटी आम समस्या बन गई है। ऐसे में आयुष मंत्रालय अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने की सलाह देता है, जो शरीर को संतुलन सिखाता है। हाथों से की जाने वाली योग मुद्राएं इसी संतुलन का आसान और असरदार तरीका हैं।

इन्हीं में से एक है वरुण मुद्रा, जिसे जल तत्व से जुड़ी समस्याओं के लिए बेहद उपयोगी माना गया है। आयुष मंत्रालय के योग शास्त्र के अनुसार, मानव शरीर पंच तत्वों से बना है, जिनमें जल तत्व का विशेष महत्व है। जब शरीर में जल तत्व असंतुलित हो जाता है, तो उसका असर त्वचा, पाचन और जोड़ों पर साफ दिखाई देने लगता है। वरुण मुद्रा को जल तत्व को संतुलित करने वाली मुद्रा माना जाता है। इसका नियमित अभ्यास शरीर में नमी बनाए रखने में मदद करता है और कई अंदरूनी समस्याओं को धीरे-धीरे कम करता है।

वरुण मुद्रा का सबसे बड़ा लाभ त्वचा से जुड़ा माना जाता है। आजकल कम पानी पीना और केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल त्वचा को रूखा बना देता है। वरुण मुद्रा के अभ्यास से शरीर के भीतर जल तत्व संतुलित होने लगता है, जिससे त्वचा को अंदर से नमी मिलती है। इसका असर यह है कि स्किन ड्राई और खिंची हुई महसूस नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे मुलायम और स्वस्थ नजर आने लगती है। आयुष मंत्रालय भी मानता है कि जब शरीर का जल संतुलन सही रहता है, तो त्वचा की कई समस्याएं अपने आप कम होने लगती हैं।

पेट की समस्याओं से परेशान लोगों के लिए भी वरुण मुद्रा काफी फायदेमंद मानी जाती है। बदलती जीवनशैली के कारण कब्ज, गैस और पेट भारी रहने की शिकायत आम हो गई है। वरुण मुद्रा के नियमित अभ्यास से पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करने लगता है। शरीर को जरूरी नमी मिलने से आंतों की गतिविधि सुधरती है और मल त्याग की प्रक्रिया आसान हो जाती है। इसका सीधा असर कब्ज की समस्या पर पड़ता है और पेट हल्का महसूस होता है।

जो लोग जोड़ों में दर्द या अकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं, उनके लिए भी वरुण मुद्रा सहायक हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने पर जोड़ों के बीच घर्षण बढ़ जाता है, जिससे दर्द और सूजन महसूस होती है। वरुण मुद्रा जल तत्व को संतुलित कर जोड़ों में लचीलापन बनाए रखने में मदद करती है। नियमित अभ्यास से सूजन कम हो सकती है और चलने-फिरने में होने वाली तकलीफ धीरे-धीरे कम होने लगती है।

एसिडिटी और सीने में जलन जैसी समस्याएं भी आज के समय में आम हो चुकी हैं। गलत खानपान और तनाव के कारण पेट में अम्लता बढ़ जाती है। योग मुद्राएं पाचन अग्नि को संतुलित करने में मदद करती हैं। वरुण मुद्रा का अभ्यास पेट के अंदरूनी वातावरण को शांत करता है और एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है। इससे सीने में जलन, खट्टी डकार और गैस जैसी समस्याओं में राहत महसूस होती है।

अपच भी जल तत्व की गड़बड़ी से जुड़ा माना जाता है। जब शरीर में नमी की कमी होती है, तो पाचन रस सही मात्रा में नहीं बन पाते। वरुण मुद्रा पाचन शक्ति को बेहतर बनाकर भोजन को ठीक से पचाने में मदद करती है।

वरुण मुद्रा करना बेहद सरल है। किसी शांत जगह पर आराम से बैठकर हाथों को घुटनों पर रखें और छोटी उंगली के सिरे को अंगूठे के सिरे से हल्के से मिलाएं। बाकी तीन उंगलियां सीधी रखें। आंखें बंद करके गहरी और सामान्य सांस लेते रहें। इस मुद्रा को रोज 15 से 20 मिनट तक किया जा सकता है।

समर एक्सप्रेस



# हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा होः सीएम मान

## मोहाली एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिविटी और मजबूत करने की मांग की





दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को हलवारा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के उद्घाटन अवसर पर केंद्र सरकार से अपील की कि एयरपोर्ट का नाम महान क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा के नाम पर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने साथ ही मोहाली एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिविटी और मजबूत करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पंजाब धीरे-धीरे उस मुकाम की ओर बढ़ रहा है, जब राज्य के चारों एयरपोर्ट गुरुओं और शहीदों के नाम से पहचाने जाएंगे—जिससे आधुनिक अवसंरचना को राज्य की आध्यात्मिक और क्रांतिकारी विरासत से जोड़ा जा सकेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल उद्घाटन के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद करतार सिंह सराभा ने महज 19 वर्ष की उम्र में मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उन्होंने बताया कि उनका बलिदान लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बना और भगत सिंह भी उन्हें अपना आदर्श मानते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सराभा इसी क्षेत्र से थे और उन्होंने अमेरिका की बर्कले यूनिवर्सिटी में विमानन क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर छोड़ा, ताकि भारत लौटकर स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो सकें। "पंजाब गुरुओं, संतों और शहीदों की धरती है। इस पवित्र भूमि का हर कण उनके बलिदानों की गवाही देता है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि यदि हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा के नाम पर रखा जाता है तो पंजाब के दो एयरपोर्ट गुरुओं और दो शहीदों के नाम पर होंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर का श्री गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और आदमपुर का श्री गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट गुरुओं के नाम पर हैं, जबकि मोहाली का शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट और प्रस्तावित शहीद करतार सिंह सराभा एयरपोर्ट, हलवारा, देश के अमर बलिदानियों की स्मृति को समर्पित होंगे। मुख्यमंत्री ने गुरु रविदास के प्रकाश पर्व पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आदमपुर एयरपोर्ट का उनके नाम पर होना हलवारा एयरपोर्ट के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यह वर्षों से सशस्त्र बलों के लिए अहम भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने टर्मिनल के निर्माण में भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में केंद्र के साथ मिलकर यहां से कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा करेगी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 22 मार्च 2023 को पंजाब विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा के नाम पर रखने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के नाम पर एयरपोर्ट, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों का नामकरण युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने की सरकार की व्यापक नीति का हिस्सा है।

## एयरपोर्ट पर उड़ानों के साथ ही कार्गो टर्मिनल शुरू होः रवनीत बिट्टू

### लुधियाना के औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगा सीधा लाभ, लॉजिस्टिक्स लागत में होगी बड़ी कमी

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



हलवारा एयरपोर्ट टर्मिनल पर उद्घघाटन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू,केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल। -समर न्यूज़

रेलवे एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि हलवाड़ा एयरपोर्ट पर यात्री उड़ानों के साथ-साथ कार्गो टर्मिनल की भी तत्काल शुरुआत की जानी चाहिए, क्योंकि इस पूरे क्षेत्र में हवाई कार्गो सेवाओं की भारी मांग है।

हलवाड़ा एयरपोर्ट के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने नागरिक उड्डयन मंत्री से आग्रह किया कि कार्गो संचालन में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लुधियाना और आसपास के इलाकों का मजबूत औद्योगिक आधार इस एयरपोर्ट को अनुमान से कहीं अधिक यात्री और कार्गो ट्रैफिक प्रदान करेगा।

▪ **उद्योगपतियों को अमृतसर-चंडीगढ़ पर निर्भरता से मिलेगी राहत** : केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने कहा, "वर्तमान में इस क्षेत्र के उद्योगपतियों को हवाई कार्गो के लिए अमृतसर या चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर निर्भर रहना पड़ता है। हलवाड़ा एयरपोर्ट के चालू होने से पूरे औद्योगिक क्षेत्र की जरूरतें यहीं पूरी होंगी और लॉजिस्टिक्स लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी।"

▪ **एयरपोर्ट का नाम शहीद-ए-आज़म करतार सिंह सराभा के नाम पर रखने का प्रस्ताव** : अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने हलवाड़ा एयरपोर्ट का नाम शहीद-ए-आज़म सरदार करतार सिंह सराभा के नाम पर रखने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके।

▪ **पंजाब के लिए ऐतिहासिक उपहारः बिट्टू** : केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए आभार जताते हुए इसे पंजाब के लोगों के लिए ऐतिहासिक उपहार बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य में उद्योग, व्यापार और पर्यटन को नई गति देगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगी। बिट्टू के अनुसार बेहतर हवाई संपर्क से निवेश आकर्षित होगा, लॉजिस्टिक्स सुधरेगा और क्षेत्रीय विकास को मजबूती मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम पंजाब की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में अहम साबित होगा।

## श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश पर्व



श्री गुरु रविदास जी के जन्मदिन (प्रकाश पर्व) पर लुधियाना की बस्ती जोधेवाल में शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर से मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुए। -समर न्यूज़

## विदेश भेजे जा रहे पार्सलों से अफीम बरामद

### डीआरआई ने 60 लाख से ज्यादा की खेप पकड़ी

समर न्यूज़ | लुधियाना



डीआरआई की ओर से पकड़ी कई अफीम। -समर न्यूज़

खास खुफिया सूचना के आधार पर डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की लुधियाना जोनल यूनिट ने एक कूरियर कार्यालय में अमेरिका और कनाडा भेजे जा रहे सात पार्सलों को रोक लिया। जांच के दौरान इनमें से 30 पैकेट बरामद किए गए, जिन्हें बर्तनों और एडल्ट डायपर पैड के अंदर छिपाया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, तस्करों ने घरेलू और खाने-पीने की वस्तुओं की आड़ में प्रतिबंधित सामग्री भेजने की कोशिश की थी। बरामद खेप में कुल 12.118 किलोग्राम अफीम पाई गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60.59 लाख रुपये आंकी गई है। पूरी खेप को 31 जनवरी 2026 को जब्त कर लिया गया है, जबकि मामले में आगे की जांच जारी है। DRI यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी नेटवर्क के पीछे कौन लोग शामिल हैं और पार्सलों की बुकिंग कहां से कराई गई थी।

## युवती से 8 ग्राम हेरोइन बरामद

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना लाडोवाल पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत एक युवती को 8 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरशिंदर कौर ने बताया कि गांव गौरसीआ के नजदीक सतलुज दरिया के पास जांच अधिकारी टेहल सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद थे। इस दौरान शक के आधार पर एक युवती को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवती के पास से 8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी युवती की पहचान बलजिंदर कौर उर्फ जिंदो, निवासी रजापुर के रूप में हुई है।

## पुलिस ने युवक को तीन ग्राम हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़





थाना सलेम टाबरी क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया है। आरोपी के पास से 3 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इंस्पेक्टर हर्षवीर सिंह संधू ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच अधिकारी मेजर सिंह पुलिस पार्टी के साथ सरकारी गोदाम, बाजीगर डेरा भट्टीआ कॉलोनी के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शक के आधार पर पैदल आ रहे एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 3 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

आरोपी की पहचान विक्की पुत्र रूप लाल, निवासी बाजीगर डेरा, लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की जांच और विभागीय कार्रवाई जारी है।

## दीपांशु वेल्फेयर सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़



रक्तदान करता हुआ युवक। -समर न्यूज़

दीपांशु वेल्फेयर सोसायटी की ओर से दीपांशु के जन्मदिन के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पूर्व विधायक बलविंदर बैंस और कमलजीत कड़वल ने मुख्य रूप से शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

शिविर के दौरान करीब 25 लोगों ने रक्तदान किया, वहीं शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। कैंप में रक्तदान के साथ-साथ हृदय जांच, दंत जांच और नेत्र जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गईं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श मिल सका। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचती है, बल्कि रक्तदाता का शरीर भी अधिक स्वस्थ और शक्तिशाली रहता है। उन्होंने संदेश दिया कि लोगों का खून नालियों में बहने की बजाय नाड़ियों में बहना चाहिए। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने की बात कही।

## 15 दिनों में खत्म होगा माल रोड का जाम

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में माल रोड से भारत नगर चौक की ओर जाने वाली सड़क पर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। लंबे समय से इस मार्ग पर जाम की समस्या बनी हुई थी, जिससे आम लोगों के साथ-साथ कार्यालय जाने वालों और व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब प्रशासन ने इस सड़क को चौड़ा करने का कार्य शुरू कर दिया है। योजना के तहत सड़क के साथ बनी इमारतों की दीवारों को पीछे किया जाएगा और वहां एक नई स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रैफिक एक्सपर्ट राहुल वर्मा ने बताया कि सड़क के दोनों ओर करीब 5 से 7 मीटर तक दीवार अंदर की जाएगी, जिससे सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी। साथ ही सड़क के बीच बने डिवाइडर को भी सेंटर से थोड़ा साइड में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद माल रोड से भारत नगर चौक और माल रोड से सीधे जगराओं पुल की ओर जाने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग स्लिप रोड उपलब्ध होगी। इससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आने-जाने वाले वाहनों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## भूमि पेडनेकर बनी रियासत द रॉयल कंटीन्यूअम शो की शो-स्टॉपर

समर न्यूज़ | लुधियाना



फिक्की फ्लो लुधियाना द्वारा आयोजित एक्सक्लूसिव फैशन शो "रियासत – द रॉयल कंटीन्यूअम" में बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर शो-स्टॉपर रहीं। शो का आयोजन फ्लो लुधियाना की चेयरपर्सन श्वेता जिंदल के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर फ्लो सदस्यों ने रैंप वॉक कर आत्मविश्वास और गरिमा का संदेश दिया। प्रतिभागियों को नूरां द डिजाइनर स्टोर के परिधानों और खुराना ज्वेलरी हाउस के रॉयल ज्वेलरी कलेक्शन से सजाया गया। यह शो नेशनल वेडिंग इनिशिएटिव के अंतर्गत हुआ, जिसका नेतृत्व फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट पूनम शर्मा और इनिशिएटिव हेड शालिनी बेरीवाल ने किया। कार्यक्रम से पहले महिला उद्यमियों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें प्रशिक्षित वंचित लड़कियों का मेहंदी स्टॉल विशेष आकर्षण रहा। भूमि पेडनेकर ने पारंपरिक और आधुनिक अंदाज़ को बखूबी पेश किया और महिलाओं को आत्मविश्वास व सशक्तिकरण का संदेश दिया।

**उपलब्धि** — रोज सुबह 4 बजे तक मेहनत और वकालत के साथ तैयारी से मिली ऐतिहासिक सफलता

## प्रभजोत ने पंजाब-हरियाणा सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विसेज में किया टॉप

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़



परिजन बधाई देते हुए। -समर न्यूज़

लुधियाना के मॉडल टाउन में रहने वाले एडवोकेट प्रभजोत सिंह सचदेवा ने पंजाब एंड हरियाणा सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विसेज में टॉप किया है। यह परीक्षा पास करने के बाद वो हायर ज्यूडिशियल सर्विसेज के तहत एडिशनल सेशन जज बन गए हैं। प्रभजोत सिंह लुधियाना जिला और सेशन कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। वो काफी समय से सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विसेज की तैयारी कर रहे थे। पहली बार वो सफल नहीं हुए। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और दोबारा तैयारी में जुट गए। इस बार उन्होंने पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में सभी को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थाना हासिल किया।

प्रभजोत सिंह ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। साल 2024 में जब उन्होंने पहली बार परीक्षा दी, तो वह महज 3 अंकों से पिछड़ गए थे। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपनी कमियों पर काम किया और कड़ी मेहनत शुरू की। वकालत के साथ-साथ वह रोज सुबह 4 बजे तक पढ़ाई करते थे। उन्होंने अपना लक्ष्य तय किया था कि उन्हें यह परीक्षा हर हाल में पास करनी है। इस बार मेहनत की और इस परीक्षा को टॉप किया। प्रभजोत सिंह ने बताया कि उन्होंने एलएलबी करने के बाद लुधियाना कोर्ट में वकालत शुरू की। 2014 से लगातार लुधियाना कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। परिवार में इससे पहले किसी ने कानून की पढ़ाई नहीं की। उन्होंने बताया कि लॉ करते समय ही लक्ष्य तय किया था कि जज बनना है। प्रभजोत अपने परिवार में पहली पीढ़ी के वकील हैं। उनकी इस सफलता से पूरे घर में जश्न का माहौल है। पिता व भाईः साइकिल पार्ट्स का बिजनेस संभालते हैं। पत्नीः डॉ. सचदेवा (MDS) शहीद करतार सिंह सराभा डेंटल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। माँ व भाभी होममेकर हैं जिन्होंने घर का मोर्चा संभालकर प्रभजोत को पढ़ाई का समय दिया। प्रभजोत ने अपनी इस ऐतिहासिक कामयाबी को अपने गुरु स्वर्गीय एडवोकेट मदन लाल शर्मा जी को समर्पित किया है। उन्होंने कहा मेरे गुरु जी ने ही मुझे जज बनने के लिए प्रेरित किया था आज उनका सपना पूरा हुआ है। प्रभजोत ने स्कूलिंग गुरु नानक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन लुधियाना से की है और ग्रेजुएशन SCD गवर्नमेंट कॉलेज से की। ग्रेजुएशन में भी वो कॉलेज में टॉपर रहे। जिसके बाद LLB पंजाब यूनिवर्सिटी रीजनल सेंटर लुधियाना से की और L.LM कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र से की।

## 81 वर्षीय एनआरआई बुज़ुर्ग महिला की हत्या

समर न्यूज़ | खन्ना

लुधियाना जिले के खन्ना की नई आबादी इलाके में 81 वर्षीय एनआरआई बुजुर्ग महिला जगपाल कौर की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, लिबड़ा बिल्डिंग के पास रहने वाली महिला की अज्ञात लोगों ने बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की पहचान जगपाल कौर पत्नी सुरजीत सिंह के रूप में हुई है। वह पेशे से सेवानिवृत्त अध्यापिका थीं और अक्टूबर 2025 में कनाडा से भारत लौटी थीं। बताया जा रहा है कि वह अप्रैल में दोबारा विदेश जाने की तैयारी कर रही थीं। सूत्रों के मुताबिक वारदात रात के समय हुई। घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव के हाथ और मुंह बंधे हुए थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हमलावरों ने पहले उन्हें काबू में किया और फिर हत्या की। पुलिस का मानना है कि यह घटना पूरी योजना और साजिश के तहत अंजाम दी गई।

## मंत्री संजीव अरोड़ा के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए किया विशेष जप यज्ञ



यज्ञ करते हुए लोग। -समर न्यूज़

हरजीत सिंह काका | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के प्रसिद्ध दंडी स्वामी मंदिर में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर विशेष जप यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ मंत्री के पूरी तरह स्वस्थ होने तक लगातार दिन-रात चलाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में मौजूद संजीव टंड से बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि मंत्री संजीव अरोड़ा के स्वास्थ्य को लेकर सभी श्रद्धालु चिंतित हैं और भगवान से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मंत्री पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते, तब तक यह जप यज्ञ बिना रुके जारी रहेगा। यज्ञ के दौरान मंत्रोच्चारण और हवन के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही और सभी ने मंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 148